संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष श्री थॉमस कोनित्जको से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 340 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### पर्यटन नगरी जैसलमेर में कोरोना की दस्तक, दो रोगी पॉजटिव पाए गए

**जैसलमेर।** राजस्थान में कोरोना ने फिर दस्तक दी है। देश की सीमांत व पर्यटन नगरी जैसलमेर शहर में दो रोगी कोरोना पॉजटिव पाए गए हैं। बुधवार को सर्दी खांसी की जांच के दौरान जैसलमेर शहर में बब्बर मगरा व मजदूर पाड़ा क्षेत्र में दो युवक कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं, जिनके सैंपल जांच के लिए आगे भिजवा दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल बुनकर ने जैसलमेर शहर में दो युवकों के कोरोना पॉजीटिव पाए जाने की पुष्टि करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग एहतियात के तौर कई कदम उठा रहा है। जैसलमेर चूंकि एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है, इसलिए सभी होटल मालिकों को भी अपने यहां आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष हिदायत दी गयी है। कोरोना का कौनसा वेरिएंट है इस संबंध जांच के लिए सैम्पल भिजवाए हैं। रोगियों को फिलहाल घर पर ही रहने के लिए कहा गया है तथा आसपास तथा मिलने जुलने वालों को जांच कराने के लिए कहा गया है। जिले में आम जन को आवश्यक रूप से स्वास्थ्य विभाग के कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने के लिए कहा गया है।

### उप्र के एक्सप्रेस-वेज पर बनाए जाएंगे चार्जिंग स्टेशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के चार बड़े एक्सप्रेस-वेज पर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाने जा रही है। यूपीडा की तरफ से इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसके अंतर्गत बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आगरा-लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर कुल 26 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन पब्लिक चार्जिंग स्टेशन को प्रदेश की ईवी पॉलिसी और भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय की गाइडलाइन्स के अनुरूप तैयार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पब्लिक चार्जिंग स्टेशन से संबंधित एक विस्तृत कार्ययोजना को प्रस्तुत की गई है।

# तीनों आपराधिक कानून संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित

## 'अगर मन इटली का, तो कानून कभी समझ नहीं आएंगे, कानून संशोधन विधेयक पर अमित शाह का जवाब

**शाह ने कहा...**

8 पहले के कानूनों के तहत ब्रिटिश राज की सलामती प्राथमिकता थी, अब मानव सुरक्षा, देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे पहले इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि तीन आपराधिक कानूनों की जगह लाए गए विधेयक गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि अगर मन इटली का है तो ये कानून कभी समझ नहीं आएगा, लेकिन अगर मन यहां का है तो समझ आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले के कानूनों के तहत ब्रिटिश राज की सलामती प्राथमिकता थी, अब मानव सुरक्षा, देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों को गहनता से पढ़ा है और इन्हें बनाने से पहले 158 परामर्श सत्रों में भाग लिया है। अमित शाह ने कहा कि उ१ढउ में पहले 484 धाराएं थीं, अब इसमें 531 धाराएं होंगी। 177 धाराओं में बदलाव किए गए हैं और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 39 नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं। 44 नए प्रावधान जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति की बात कही थी, उसी के तहत गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में बदलाव के लिए गंभीरता से विचार किया।



### महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता

**शाह** ने लोकसभा में कहा कि नए कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के तीन सिद्धांतों के आधार पर बनाए जा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार अपराध न्याय प्रणाली से जुड़े तीनों कानूनों का मानवीकरण होगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता दी गई है। उसके बाद मानव अधिकारों से जुड़े कानूनों और देश की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और नए कानून में इस अपराध में फांसी की सजा का प्रावधान है।

**आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे:** अमित शाह ने कहा कि अब आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे। न्यायाधीश को उन सात दिनों में सुनवाई करनी होगी। मामले का ट्रायल शुरू करने के लिए अधिकतम 120 दिन का समय मिलेगा। पहले प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। अब अगर कोई अपराध के 30 दिनों के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लेता है तो सजा कम होगी। ट्रायल के दौरान दस्तावेज पेश करने का कोई प्रावधान नहीं था। हमने इसे अनिवार्य कर दिया है। 30 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी।

**'मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही':** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है।

### 'ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है'

**गृह** मंत्री ने कहा कि हमने कहा था कि अयोध्या में हम जल्द से जल्द राम मंदिर बनाएंगे और 22 जनवरी 2024 को वहां रामलला विराजमान हो जाएंगे। ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है। हमने कहा था कि हम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देंगे। कांग्रेस कई बार सत्ता में आई और तारीखें देती रहीं, लेकिन हमने इसे पूरा किया और बहुमत के साथ महिलाओं को सशक्त बनाया।

# लोकसभा में 'इंडिया' के बस 40 सांसद

## राहुल-सोनिया समेत ये चेहरे ही निलंबन से बचे




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** से सांसदों के निलंबन का सिलसिला जारी है। बुधवार को दो और सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही लोकसभा से निलंबित होने वाले सांसदों की संख्या 97 पहुंच गई। बीते गुरुवार से अब तक दोनों सदनों के कुल 143 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। सांसदों के निलंबन चलते छह दलों का एक भी सांसद इस वक्त लोकसभा में नहीं बचा है। तीन दलों के एक-एक सांसद ही लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने के योग्य बचे हैं। सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के केवल 10 सांसद ही शेष सत्र में हिस्सा ले सकते हैं। इसी तरह डीएमके के 24 में से केवल आठ सांसद तो टीएमसी के 22 में से नौ सांसद ही सदन की कार्यवाही में हिस्सा ले सकते हैं। टीएमसी के नौ बचे सांसदों में से दो भाजपा के साथ हैं। संसद से निलंबित किए गए 95 सांसदों में से 38 कांग्रेस के है। ऐसे में इस सत्र में सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के योग्य केवल 10 सांसद बचे हैं। इन सांसदों में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, बस्तर सांसद और छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, मेघालय की शिलॉन्ग सीट से सांसद विंसेट पाला, केरल की कोझीकोड़े से सांसद एमके राघवेंद्रन, अंडमान निकोबार के सांसद कुलदीप राय शर्मा, कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई और बैंगलोर ग्रामीण सीट से सांसद डीके सुरेश और ओडिशा के कोरापुट से सांसद सप्तगिरि उल्का शामिल हैं।

**कार्यवाही**

8 सांसदो का निलंबन सिलसिला जारी है, दो और सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया।

# महुआ: मानहानि याचिका पर कोर्ट का फैंसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील अनंत देहादराय के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला टाल दिया है। जस्टिस सचिन दत्ता ने फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। लोकसभा ने 8 दिसंबर को महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी थी। संसद की एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप को सही मानते हुए संसद



की सदस्यता खत्म करने की अनुशंसा की थी। महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया था। मोइत्रा पर आरोप था कि उन्होंने एक कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी के बारे में सवाल पूछे थे और अपना लॉग-इन पासवर्ड भी हीरानंदानी से साझा किया था। महुआ मोइत्रा की याचिका में कहा गया है कि निशिकांत दुबे और देहादराय ने उन पर झूठे आरोप लगाया है कि उन्होंने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछे। निशिकांत दुबे ने 15 अक्टूबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने दर्शन हीरानंदानी से पैसे और उपहार लेकर संसद में सवाल पूछे। इनमें से कुछ सवाल अडानी समूह से जुड़े हुए थे, जो हीरानंदानी का बाजार में प्रतिस्पर्धी है।

## 'नवलखा ने आतंकी कृत्य की साजिश रची, इसके कोई सबूत नहीं'

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद - माओवादी संबंध मामले में आरोपी गौतम नवलखा को जमानत देने के फैसले में अहम टिप्पणी की है। इसमें कहा गया है कि रिकॉर्ड में ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जिससे प्रथम दृष्टया यह साबित किया जा सके कि उन्होंने किसी आतंकवादी कृत्य की साजिश रची या उसे अंजाम दिया। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति एसजी दिगे की खंडपीठ ने मंगलवार को नवलखा को जमानत दी।



रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तट रक्षक के लिए छह अगली पीढ़ी के अपतटीय जहाजों की खरीद के लिए मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ 1,614.89 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# आईपीएस ने नहीं दिया संपत्ति का ब्यौरा तो अटक जाएगी सतर्कता मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने आईपीएस अधिकारियों के लिए सख्त हिदायत जारी की हैं। ये हिदायत, आईपीएस की संपत्ति के ब्यौरे को लेकर हैं। सभी आईपीएस अधिकारियों को हर साल अपनी 'अचल संपत्ति रिटर्न' मंत्रालय के पास जमा करानी होती है। देखने में आया है कि अनेक आईपीएस अधिकारी, इस मामले में ढिलाई बरतते हैं। समय पर आईपीआर दाखिल नहीं होती। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए अगले साल 31




जनवरी तक सभी आईपीएस अधिकारियों को अपना 'अचल संपत्ति रिटर्न' जमा कराने का निर्देश दिया है। अगर कोई आईपीएस, ऐसा करने में असफल रहता है, तो उसे किसी तरह की माफी या छूट नहीं मिलेगी। जो भी अधिकारी, आईपीआर नहीं भरेगा, उसे विजिलेंस क्लीयरेंस यानी सतर्कता मंजूरी नहीं मिलेगी।

# ब्राजील, फिलीपींस समेत कई देश आकाश मिसाइल खरीदने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्म निर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण कर-के लगातार एयरो स्पेस की दुनिया



में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है। स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किये जाने के लिए 30 दिसम्बर, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है। इस मिसाइल को 2014 में भारतीय वायुसेना और 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया, जिस पर कई मित्र देशों ने इसके प्रति रुचि दिखाई।

आखिरकार आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अगले कुछ महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है।

**बढ़ावा**

8 आर्मेनिया को 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा होने के बाद जल्द शुरू होगी डिलीवरी

## बुनियादी मुद्दों पर मीडिया नहीं करती बात: राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया बुनियादी मुद्दों पर बातचीत करने की बजाय उपराष्ट्रपति के अपमान मामले को अधिक तूल दे रहा है। उन्होंने उपराष्ट्रपति का अपमान ही नहीं किया है। जो वीडियो उन्होंने लिया था, वह उनके फोन में है। राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन से हमारे 151 सांसदों को बाहर निकाल दिया गया है। देश में अडानी, राफेल, बेरोजगारी और महंगाई सहित अनेक मुद्दे हैं, जिसे मीडिया को दिखाना चाहिए लेकिन इन मुद्दों



पर मीडिया का ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कल संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर उनका मजाक बनाया था। जिस समय वो धनखड़ का मजाक बना रहे थे उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल्याण की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे।

**सदन**

## उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन में की नारेबाजी

# स्टोन क्रशर बंद करने के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा, विपक्ष का सदन से वाकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र दूसरे दिन हंगामे का साक्षी बना। हंगामे के बीच विपक्ष के सदस्य सदन से नारेबाजी करते हुए वाकआउट कर गए। विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने प्रश्नकाल के दौरान स्टोन क्रशर बंद करने का मुद्दा उठाया। विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन में जमकर नारेबाजी की। विपक्ष की नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में कहा कि पूर्व



सरकार के वक्त दी गई माइनिंग लीज से सरकार को करीब 170 करोड़ रुपए का नुकसान 10 साल में होने का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि 22 माइनिंग लीज को 7 करोड़ रुपए की राशि में दिया गयाए जबकि माइनिंग प्लान के मुताबिक यह राशि 24 करोड़ रुपए सालाना बनती थी। इस पर विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर गए। विपक्ष ने वाकआउट से पहले सरकार पर मूल सवाल का संतोषजनक उत्तर न देने का भी आरोप लगाया। इससे पहले स्टोन क्रशर बंद करने के मुद्दे पर भाजपा सदस्य विपिन परमार के मूल सवाल के साथ.साथ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक बिक्रम ठाकुर के अनुपूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारी बरसात की वजह से ब्यास बेसिन में कुल्लूए मंडीए हमीरपुर और कांगड़ा जिले में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि नुकसान के चलते सरकार ने क्रशर बंद करने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कैप्टिव माइनिंग के दौरान भी कई स्टोन क्रशरों की अनुमति में खामियां पाई गई थी। लिहाजा सरकार ने इस मामले की जांच का फैसला लिया। सुक्खू ने कहा कि सरकार भविष्य में निर्माण कार्यों में उपयोग में लाई जाने वाली रोड़ी के रेट भी तय करने को लेकर फैसला लेगी। इसके अलावा खनन पट्टों की नीलामी से 500 करोड़ रुपए का राजस्व आगामी सालों में जुटाने का लक्ष्य है।

**हंगामा**

8 परमार के सवाल पर उद्योग मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन में जमकर नारेबाजी की।

# मप्र में मिला कोरोना का एक और मरीज, नॉर्वे से जबलपुर आई महिला निकली पॉजिटिव

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मध्यप्रदेश में कोरोना का एक और मामला सामने आया है। नॉर्वे से जबलपुर आई महिला कोरोना संक्रमित पाई गई है। इससे पहले इंदौर में कोरोना के दो मरीज मिल चुके हैं। एक सप्ताह के अंदर में प्रदेश में कोरोना का यह तीसरा मामला है। हालांकि, अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि ये तीनों कोरोना के नए जेएन.1 सब वैरिएंट से संक्रमित हैं, तीनों के सेम्पल जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं। नार्वे से आई 69 वर्षीय वृद्धा ने मंगलवार को जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल




कालेज अस्पताल में जांच कराई थी। लक्षण के आधार पर चिकित्सकों ने कोरोना जांच की सलाह दी थी। मेडिकल के वायरोलाजी लैब में सैंपल की जांच कराई गई, जिसमें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। मेडिकल की लैब से बुधवार को रिपोर्ट जारी होने के बाद स्वास्थ्य अधिकारी हरकत में आए और महिला की तलाश शुरू की। जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि मेडिकल में परीक्षण के दौरान महिला ने जो पता लिखवाया था, वह उस पर नहीं मिली। साथ ही जो मोबाइल नंबर दिया था, उस पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। मेडिकल से रिपोर्ट का पता चलते ही स्वास्थ्य अमला वृद्धा की तलाश में जुट गया, ताकि उसे आइलोशन में रखते हुए संपर्क में आए लोगों को सतर्क किया जा सके।

फास्ट न्यूज

## सुकमा में नक्सलियों से सशस्त्र बल जवानों की मुठभेड़

**सुकमा /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में सशस्त्र बल जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें करीब 5 से 6 नक्सलियों के घायल होने की खबर है। जवानों ने नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी रहने की सूचना है। चिंतलनार पुलिस के अनुसार जवानों को ग्राम नागाराम एवं कोत्तापल्ली के जंगलों में नागाराम एलओएस के नक्सलियों की मौजूदगी की खबर मिली थी। इसके बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं कोबरा 201 बटालियन के जवानों की संयुक्त टीम ने ग्राम नागाराम एवं कोत्ता पल्ली के जंगलों में मौजूद नक्सली कैंपों पर हमला बोला। इस दौरान पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस फायरिंग में पांच से छह नक्सलियों के घायल होने की खबर है। जवानों ने मौके पर विस्फोटक पदार्थ एवं भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है। जानकारी के अनुसार सभी जवान सुरक्षित हैं एवं मुठभेड़ अभी भी जारी है।

## दिनदहाड़े युवक ने व्यापारी को मारी गोली, गंभीर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थानांतर्गत लाभांडी में बुधवार को एक युवक ने व्यापारी पर दिनदहाड़े गोली मार दी, जिसमें व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, तेलीबांधा क्षेत्र में लाभांडी में आज लगभग 11:30 बजे गोली चलने की घटना हुई है। घटना की सूचना पर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, सिटी एएसपी लखन पटले सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आरोपित अमन शर्मा जो कि सुंदरगढ़ ओडिसा से आया है। उसने रायपुर निवासी संदीप कुमार (नल व्यापारी) के ऊपर गोली चला दी, जिससे व्यापारी घायल हो गया है। फायरिंग में व्यापारी के हाथ में गोली लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपित को कट्टे सहित पकड़ लिया है। पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

## शराब तस्कर ने दारोगा को गाड़ी से रौंद कर मार डाला, होमगार्ड जवान घायल

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बेखौफ शराब तस्कर ने बीती रात पुलिस पदाधिकारी को गाड़ी से रौंद कर उसकी जान ले ली। गाड़ी की चपेट में आकर एक हवलदार भी घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी पुलिसकर्मी शराब तस्कर की गाड़ी को रोकने का प्रयास कर रहे थे। एसपी योगेन्द्र कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बुधवार सुबह बताया कि मंगलवार देर रात नावकोठी थानाध्यक्ष (पुअनि) खामस चौधरी को जानकारी मिली कि ऑल्टो कार से कोई व्यक्ति शराब ले जा रहा है। जिसके बाद रात्रि गश्ती गाड़ी भेजी गई। रात के 12:30 बजे ऑल्टो कार रोकने के लिए छतौना बूढ़ी गंडक नदी पुल के पास पुलिस गाड़ी लगाकर पुअनि खामस चौधरी खुद तीन होम गार्ड जवान के साथ खड़े थे। ऑल्टो कार वाले ने पुलिस की गाड़ी देख अपनी स्पीड बढ़ा दी और खामस चौधरी को रौंदते हुए निकल गई। सिर में गंभीर चोट के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## चाय के फायदे पर शोध के लिए एआईआईए और एवाईसीएल के बीच करार

**नई दिल्ली।** चाय के फायदे पर शोध के लिए बुधवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड (एवाईसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
परिवहन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के गोवा उप केंद्र के एक साल पूरा होने के मौके पर एक डाक टिकट भी जारी किया गया।

# राजनीति में राहुल जैसे लोगों की कोई जगह नहीं: नड्डा

### 2014 के पहले का इंडिया अब भारत बन चुका है: राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

**हिदायत**

8 उपराष्ट्रपति की नकल कर उन्हें अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है, वह निंदनीय है।



**टीम एक्शन इंडिया/बस्ती,** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शाहिद सत्यवान सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का नकल कर उन्हें अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है, वह निंदनीय है। अगर कैमरामैन ही बनना है तो भोजपुरी फिल्मों की तरफ राहुल गांधी को रुख करना चाहिए। राजनीति में ऐसे लोगों की कोई जगह नहीं है।
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के पहले का इंडिया अब भारत बन चुका है। विश्व में भारत पांचवें नम्बर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर विश्व गुरु बनने का सपना पूरा कर रहा है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सभी का विकास किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ के माध्यम से साढे तीन लाख नौजवान इसमें भाग ले रहे हैं।
उन्होंने कहा कि देश में 70 सालों तक खेल के किसी प्रकार का कोई विशेष रुझान देखने को नहीं मिला। देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने खिलाड़ियों को बेहतर अवसर दिया।
इस कारण एशियन गेम व ओलम्पिक में भारत ने अपना वर्चस्व दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने खेल को बढ़ावा देने के लिए बजट बढ़ाने के साथ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का काम किया।
उनको तमाम प्रकार की सुविधा मिल सकी। उत्तर प्रदेश में 50 स्पोर्ट केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बच्चे ओलम्पिक की तैयारी कर सकें। जेपी नड्डा ने कहा कि इंडिया अब भारत बनकर देश में सभी लोग जाति धर्म ऊच नीच का भेद भुलाकर लोगों को खेल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।
देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर उभरेगी।
कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का नकल कर उन्हें अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। अगर कैमरामैन ही बनना है तो भोजपुरी फिल्मों की तरफ राहुल गांधी को रुख करना चाहिए।
राजनीति में ऐसे लोगों की कोई जगह नहीं है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। इसमें केंद्रीय नेतृत्व का विशेष योगदान रहा है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में तीनों राज्यों में सफलता को लेकर सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश का विकास हो रहा है। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश और बस्ती जिले का भी विकास हो रहा है।

## तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/बोधगया** बौद्ध धर्म के विद्वानों की उपस्थिति में तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने बुधवार को परंपराओं को जोड़ने, आधुनिकता को अपनाने, आज की दुनिया में बुद्ध की शिक्षा पर एक संवाद विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम-2023 का उद्घाटन किया। बिहार के बोधगया में आयोजित फोरम में 33 देशों के बौद्ध धर्म गुरु जो विभिन्न वादों के विद्वान हैं शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, तिब्बत, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, रूस, मंगोलिया, जापान और कोरिया सहित 33 देशों के 2,500 से ज्यादा बौद्ध विद्वान शामिल हुए। मंच पर आमंत्रित लोगों में शामिल अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि उन्हें दुनिया भर के बौद्ध विद्वानों की ऐतिहासिक बैठक में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ मंच के आयोजकों द्वारा आमंत्रित किए जाने पर सौभाग्य महसूस हुआ है। मंच के लिए सैकड़ों बौद्ध नेता और भिक्षु बोधगया में जुटे हैं। कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्खु विद्वानों के बीच चर्चा में बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। चचाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी। इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18 वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे। तीन दिवसीय इस फोरम में वक्ताओं में भिक्षु प्रो. गेशे नवांग सामतेन, भिक्षु यांगतेन रिनपोछे, प्रो. भिक्षु रालुवे पदमश्री थेरो, प्रो. भिक्षु चाव हवाई, प्रो. नाकाओ शिहोउ, कारलो लक्किस, बोधगया वटपा के महासचिव भिक्षु डॉ. रत्नेश्वर चकमा, भिक्षु वांगचुक दोरजे नेगी सहित कुल 46 वक्ताओं द्वारा तीन दिनों तक बौद्ध धर्म, पाली और संस्कृत भाषाओं की परंपराओं की आधुनिकता पर चर्चा करेंगे।

## हार से हताश विपक्ष संवैधानिक पदों का कर रहा अपमान: ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि चुनावों में हार से हताशा-निराश विपक्ष संवैधानिक पदों का अपमान कर रहा है। बुधवार को संसद भवन परिसर के बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हालिया चुनावों में मिली पराजय से विपक्ष हताश और निराश है। आईएनडीआई अलायंस के नेताओं द्वारा उपराष्ट्रपति का अपमान उनकी बौखलाहट, अहंकार और संविधान विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। राहुल गांधी ने स्वयं इस कुकृत्य को एंप्लीफाई करने का कार्य किया है।



ये केवल उप राष्ट्रपति का नहीं बल्कि उनके पूरे समाज, संविधान व देश का अपमान है। देश इसे कतई स्वीकार नही करेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम संविधान का अपमान करना है। उपराष्ट्रपति के पक्ष में अब लोग सामने आ रहे हैं। सड़कों पर आ रहे हैं। एनडीए के सांसद संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का सम्मान करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि राष्ट्रपति के बाद अब उपराष्ट्रपति जैसे बड़े संवैधानिक पद के अपमान पर आखिर सोनिया, राहुल, ममता और खड़गे चुप क्यों हैं, देश से माफी क्यों नहीं मांग रहे।
उपराष्ट्रपति का जो अपमान हुआ है, क्या वह स्वीकार्य है? खड़गे जी को एक बार नहीं कई बार बोलने के मौके दिए गए। सवाल यह है कि क्या वह चर्चा में शामिल भी होना चाहते हैं, भाग लेना चाहते हैं? कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल चर्चा से भाग रहे हैं। सारा देश यह देख रहा है कि विपक्ष किस तरह रोज हंगामा करते हैं, तख्तियां लेकर आते हैं, शोर मचाते हैं और अपनी चुनावी पराजय से देश का ध्यान भटकाना चाहते हैं।
चुनावों में विपक्ष की जो करारी हार हुई है, उसकी हताशा उनके चेहरे पर नजर आती है। अनुराग ठाकुर ने कहा की उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद का अपमान विपक्ष को कैजुअल लगता है। ममता बनर्जी इसे कैजुअल बताती हैं। वह कहते हैं कि अगर राहुल गांधी वीडियो नहीं बनाते तो यह देश में एंप्लीफाई कैसे होता।

## संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस ने बैंक और बीएसएनएल दफ्तर में की पड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता** दिल्ली पुलिस की एक टीम संसद सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार संदिग्धों में से एक 32 वर्षीय ललित झा की पृष्ठभूमि की जांच के लिए कोलकाता में है। दिल्ली पुलिस की टीम ने दो बैंकों और बीएसएनएल मुख्यालय का दौरा किया। यह जानकारी शहर के पुलिस अधिकारियों ने दी। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की चार सदस्यीय टीम ललित झा के दो बचत खातों का विवरण प्राप्त करने के लिए मध्य कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में एक राष्ट्रीयकृत बैंक और एक निजी बैंक में गई। ललित के जब्त किए गए फोन में बीएसएनएल सिम कार्ड पाए जाने के बाद से टीम डलहौजी स्क्वायर स्थित टेलीफोन भवन भी गई। अधिकारी यह पता लगाना चाहते थे कि क्या उसने लोकसभा में घुसपैठ की घटना को अंजाम देने से पहले किन लोगों से संपर्क करने के लिए उस कार्ड का इस्तेमाल किया था। कोलकाता पुलिस के आयुक्त विनीन गोयल ने कहा कि हम जांचकर्ताओं को हर संभव मदद की पेशकश कर रहे हैं। यह एक गंभीर मामला है। हमने शहर की सभी सरकारी इमारतों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। सोमवार को, दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने मध्य कोलकाता के रवींद्र सारणी स्थित घर का दौरा किया, जहां ललित शहर के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित बागुईआटी में एक अन्य किराए के घर में स्थानांतरित होने से पहले लगभग चार साल तक अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ किराए के मकान में रहता था।

## प्रदेश अध्यक्ष ने विस अध्यक्ष चुने जाने पर नरेंद्र सिंह को दी बधाई




**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने 16 वीं विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह तोमर को बधाई दी है।
प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह तोमर का सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना जाना हम सभी पार्टीजनों के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गर्व का विषय है।
उन्होंने आशा जताई कि तोमर विधानसभा अध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए अपने स्वभाव के अनुरूप सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सामंजस्य स्थापित कर सदन का सुचारू संचालन करेंगे तथा विधायिका की गरिमा और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे।

## 'धर्म स्थल कानून के बावजूद अन्य मस्जिदों पर दावा करना उचित नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि संसद से पारित 1991 के धर्म स्थल कानून के मौजूद होने के बाद बाबरी मस्जिद को छोड़कर किसी अन्य मस्जिद पर दावा करना और मामले को कोर्ट में लेकर जाना सही नहीं है। मथुरा की ईदगाह को लेकर कोर्ट के जरिए सर्वे का फैसला दिए जाने को भी इसी एक्ट के आलोक में देखा जाना चाहिए। जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मदनी बुधवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वर्ष 1991 में यह एक्ट संसद से पारित हुआ था, तब हमने समझा था कि अब सारी समस्या का समाधान हो गया है। बाद में कुछ शरारती और साम्प्रदायिक तत्वों के जरिए एक बार फिर से इन सभी मस्जिदों को लेकर के विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर मस्जिद इंतजामिया कमेटी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की ईदगाह के मामले में अन्य राजनीतिक दलों की चुप्पी सही नहीं है। जिन लोगों ने वर्ष 1991 में धर्म स्थल कानून बनाया और उसे संसद से पास करवाया था, उन लोगों को सामने आना चाहिए और अपनी बात रखनी चाहिए। मौलाना ने कहा कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद से संबंधित सुप्रीम कोर्ट का फैसला जैसा भी था, हमने उसे माना है और आगे भी सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आएगा, हम उसे मानेंगे क्योंकि यह देश हमारा है और सुप्रीम कोर्ट भी हमारा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए दी गई जगह पर मस्जिद बनाने के लिए तैयार होने के सवाल पर मौलाना ने कहा कि हम उस जमीन पर मस्जिद हरगिज बनाना नहीं चाहते क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद को मंदिर नहीं माना था और बाबरी मस्जिद को मस्जिद मानकर फैसला दिया।

# बंगलूरू : फिर बढ़ने लगा कोरोना का खतरा, व्यक्ति की गई जान

### राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कोरोना संक्रमण की दर का पता लगाने के लिए परीक्षण बढ़ाएगी

**संकट ...**

8 कोरोना और निमोनिया के साथ उच्च रक्तचाप, फेफड़ों की बीमारी, अस्थमा भी था।





**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू** कोरोना का नया सब-वैरिएंट JN.1 तेजी से फैल रहा है। इस बीच, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया है कि पांच दिन पहले कोरोना संक्रमण के कारण शहर में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या मौत की वजह सब-वैरिएंट JN.1 है, उन्होंने कहा कि यह अब तक ज्ञात नहीं है।

**व्यक्ति की 15 दिसंबर को हो गई मौत: राव**

मंत्री दिनेश गुंडू राव ने पत्रकारों को बताया कि व्यक्ति (64 वर्षीय) को अन्य बीमारियां भी थीं। वह चामराजपेट के रहने वाले थे। 15 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'यह अभी भी पता नहीं है कि मरीज JN.1 सब-वैरिएंट से प्रभावित था या नहीं। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। टीबी भी था। उन्हें कोरोना और निमोनिया के साथ उच्च रक्तचाप, फेफड़ों की बीमारी, अस्थमा भी था।'

**कोरोना परीक्षण बढ़ाएगी कर्नाटक सरकार:** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवा के आयुक्त रणदीप डी ने बताया कि हाल में बढ़े मामलों के बीच (कोविड से) यह पहली मौत है। इस बीच, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कोरोना संक्रमण की दर का पता लगाने के लिए परीक्षण बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, सरकार अगले तीन दिनों में यह संख्या प्रति दिन 5,000 परीक्षणों तक बढ़ाने का इरादा रखती है। सभी गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) और और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) के 20 मामलों में से कम से कम 1 मामले के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है।

**केंद्र की बैठक में शामिल हुए सीएम सिद्धारमैया:** राव ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और तकनीकी सलाहकार समिति गुरुवार को एक बैठक करेगी, जिसमें आगे उठाए जाने वाले कदमों और तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी।
इससे पहले मुख्यमंत्री वर्चुअल तरीके से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों व प्रतिनिधियों, केंद्र और राज्य, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नीति आयोग के अधिकारियों व अन्य साथ बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संक्रमण के प्रसार के बारे में जानने के लिए अधिक परीक्षण और जीनोम अनुक्रमण (सीक्वेंसिंग) करने की जरूरत है। खासतौर पर सीमावर्ती जिलों दक्षिण कन्नड़, कोडागु, चामराजनगर और मैसूरु में अधिक परीक्षण करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**राज्य सरकार ने जारी की थी एडवायजरी**

**इससे** पहले, कर्नाटक सरकार ने एक एडवायजरी जारी। इसमें 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं से कहा गया कि वे घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनें और बंद, खराब हवादार स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। इसमें पड़ोसी राज्य केरल में सब-वैरिएंट खठ.1 का मामला सामने आने का हवाला दिया गया था।

# शिक्षा कुंभ शैक्षिक नवाचार और सशक्तिकरण का प्रतीक : बंडारू

## राज्यपाल ने एनआईटी कुरुक्षेत्र में आयोजित शिक्षा कुंभ का किया शुभारंभ, स्टार्ट अप बनाने के लिए नई शिक्षा नीति है गेम चेंजर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा कुंभ शैक्षिक नवाचार सहयोग और सशक्तिकरण का एक प्रतीक बनने का वादा करता है, जो शिक्षा को पुनर्जीवित करने और भारत के कालातीत सांस्कृतिक और दार्शनिक मूल्यों के साथ इसके संरक्षण को सुनिश्चित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है। राज्यपाल बुधवार को एनआईटी कुरुक्षेत्र, डिपार्टमेंट ऑफ होलिस्टिक एजुकेशन, विद्या भारती संस्थान और श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के सहयोग से एनआईटी के सभागार में शिक्षा कुंभ-2023 अर्थव्यवस्था में अकादमिक-संचालित स्टार्टअप की भूमिका पर (रेस 2023) में शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के परिदृश्य को परिभाषित करने के





संदर्भ में आयोजित शिक्षा कुंभ (रेस-2023) के शुभारंभ समारोह पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा कुंभ का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में तैयार की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार है। यह छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा के लिए एक समग्र और बहु-विषयक दृष्टिकोण की कल्पना करता है। यह नीति शिक्षा महाकुंभ/शिक्षा कुंभ के उद्देश्यों के अनुरूप कम उम्र से ही कौशल विकास उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित करती है। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्ट अप बनाने के लिए नई शिक्षा नीति एक गेम चेंजर है। इसलिए नई शिक्षा नीति को जल्द अमल करे। केंद्र सरकार ने 2030 तक नई शिक्षा नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, लेकिन प्रदेश सरकार ने 2025 तक हरियाणा में नई शिक्षा नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। यह नीति अर्थव्यवस्था को आकार देने और नवाचार को बढ़ावा देने में अकादमिक-संचालित स्टार्टअप के महत्व के लिए कारगर है। शिक्षा महाकुंभ नवाचार उद्यमिता और कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक करीब 800 स्टार्ट अप थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब एक लाख 16 हजार स्टार्ट अप बन गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नई तकनीक को सीखें और इसे अमल करें। उन्होंने विद्या भारती संस्थान के बारे में कहा कि यह संस्थान भारतीय परम्परा की दृष्टि से शिक्षा नीति को लागू कर रही है तथा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रगति पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक सरल, लचीले और बहु-विषयक पाठ्यक्रम पर जोर देती है, जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देता है। हम सबके लिए गर्व की बात है कि सरकार की एक नई पहल के अंतर्गत हम सब विकसित भारत अभियान में सफलता हासिल करने के लिए दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत अभियान शिक्षा महाकुंभ/शिक्षा कुंभ की दृष्टि से जुड़ी एक परिवर्तनकारी पहल है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक अंकों की प्राप्ति से आगे बढकर समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित कर युवाओं के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। समग्र शिक्षा विभाग के नेतृत्व में शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए ही नहीं बल्कि व्यक्तियों को समाज में उत्कृष्ट मूल्यवान धरोहर के रूप में विकसित करने के लिए है। इससे पहले एनआईटी संस्थान के निदेशक डॉ. वीवी रमना रेड्डी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में संस्थागत अनुसंधान गतिविधियों, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को निर्देशित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जनवरी में राष्ट्रीय शौर्य जागरण का महापर्व मनाएगा देश: सुरेन्द्र जैन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

22 जनवरी के दिन अयोध्या में भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय शौर्य के महापर्व के रूप में मनाने की व्यापक तैयारियां हैं। गुरुग्राम में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डा. सुरेंद्र जैन ने भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय शौर्य जागरण का महापर्व बताते हुए कहा कि 22 जनवरी को राष्ट्रीय शौर्य जागरण के महापर्व को पूरे देश के साथ-साथ पूरा हरियाणा बड़ी धूमधाम से मनाएगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व के राम भक्त इस दिन को दीपावली की तरह मनाने की तैयारी कर रहे हैं। गुरुग्राम सहित पूरा हरियाणा भी इस राष्ट्रीय महापर्व की तैयारियों में जुटा है। गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में




बुधवार को पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए सुरेंद्र जैन ने कहा कि त्रेता युग में 14 वर्ष वनवास के बाद दीपावली के दिन भगवान राम अयोध्या वापस आए थे और अब 491 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में अपने घर पर भगवान राम फिर से लौट रहे हैं। राम जन्म भूमि का संघर्ष विश्व का सबसे लंबा संघर्ष है। सबसे बड़ा आंदोलन राम मंदिर के निर्माण के लिए ही किया गया, जो 35 वर्ष तक लगातार चला और 16 करोड़ राम भक्तों ने इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर जब राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर बनाना प्रारंभ किया गया तो देश के 16 करोड़ परिवार अर्थात 65 करोड़ राम भक्तों ने मंदिर निर्माण में सहयोग दिया। डा. जैन ने कहा कि राम मंदिर ने पूरे देश को जोड़ दिया और यह सिद्ध हो गया कि राम सबके हैं और सब राम के हैं। उन्होंने गुरुग्राम में पत्रकारों को कहा कि गुरुग्राम हिंदुत्व जागरण के अभियानों में सबसे आगे रहा है, यहां के निवासियों का उत्साह अदभुत है।

यहां के लोगों ने तय किया है कि 22 जनवरी को 200 मंदिरों में और तीन लाख घरों में भजन कीर्तन और अयोध्या में की गई प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए गुरुग्राम में 1000 टोलियां बनेंगी और 5000 कार्यकर्ता 1 जनवरी से 5 जनवरी तक दिन-रात एक करके सभी घरों में संपर्क करेंगे तथा निमंत्रण हेतू अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत घरों में देंगे। हरियाणा में इस निमित हुई तैयारियों का जिक्र करते हुए श्री जैन ने कहा कि संपूर्ण हरियाणा का उत्साह अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि हरियाणा भर में इस अभियान में 30 हजार टोलियां बनेंगी और एक लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे।

6725 गांव में संपर्क किया जाएगा और प्रत्येक शहर के हर घर में अक्षत निमंत्रण दिया जाएगा। संपूर्ण हरियाणा के प्रत्येक जिले में कई शोभायात्राएं निकल चुकी हैं। गुरुग्राम में भी 23 दिसंबर को अक्षत कलश यात्रा शक्ति मंदिर से प्रारंभ होकर सिद्धेश्वर मंदिर तक जाएगी।

# जनवरी से हरियाणा में शुरू होगी कांग्रेस संदेश यात्रा: कुमारी सैलजा

### जन जन तक पहुंचायां जाएगा राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक/काजल रानी**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में लोकतंत्र का हनन हो रहा है, जहां पर किसी को भी आवाज उठाने नहीं दी जा रही है। देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने में कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनवरी के मध्य में प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस संदेश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश जन जन तक पहुंचाया जाएगा। बुधवार को मैना टूरिस्ट कांप्लेक्स में आयोजित संयुक्त प्रेस सम्मेलन में कुमारी सैलजा, सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व मंत्री एवं विधायक किरण चौधरी पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस ने इस देश को मजबूत लोकतंत्र दिया था, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को



संविधान दिया पर केंद्र की सरकार ने दोनो पर हमला बोला हुआ है। ऐसे में कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से मौजूदा परिस्थितियों के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा में जो संदेश राहुल गांधी ने दिया था उसे जनता तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में आज लोगों को धर्म और जाति में बांटने की राजनीति चल रही है जिसे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश की जनता एकजुट है और कांग्रेस 36 बिरादरियों को एक साथ रखेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान पर है और बेरोजगारी रिकॉर्ड तोड़ रही है, छोटा काम तक नहीं हो पा रहा है और न ही सरकार कोई भर्ती कर रही है। भाजपा ने प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया था, उसका क्या रहा। सरकार ने सभी को पकोड़े बनाने पर मजबूर कर दिया है। हालात ऐसे है कि लोगों को जीना ही दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी के नाम पर सभी राजनीति करते है पर उनके बारे में कोई नहीं सोचता जब राहुल गांधी ने ओबीसी जनगणना की बात उठाई तो भाजपा पीछे हटने लगी। आज सरकारी संपत्ति बेची जा रही है जबकि आम लोगों को उनका हिस्सा मिलना चाहिए।

**सच्चे कांग्रेस के सिपाही ही लड़ाई लड़ेंगे**

कांग्रेस संदेश यात्रा में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शामिल होने के सवाल पर सैलजा ने कहा कि सभी कांग्रेस जनों को न्योता भेजा जाएगा और सभी कांग्रेसजनों को इसमें शामिल होना चाहिए। सच्चे कांग्रेस के सिपाही ही लड़ाई लड़ेगे।

## न्यूज फ्लैश

### गीता को जीवन में आत्मसात करना जरूरी: उच्च शिक्षा मंत्री

**चंडीगढ:** हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि गीता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था। गीता को जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। गीता के शास्वत संदेश को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जन-जन तक पहुंचा रहा है। श्री मूलचंद शर्मा ने आज अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा लगाये गए हरियाणवी पवेलियन का अवलोकन किया। हरियाणा पवेलियन राज्य की लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है, वहीं गीता के ज्ञान को अपनी संस्कृति के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रहा है। श्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न आयामों की प्रशंसा की तथा हरियाणवी शिल्पकारों व कलाकारों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी टीम द्वारा हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण के लिए की जा रही भूमिका की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. हरविन्द्र राणा ने गीता जयंती के मेले में धूम मची हरियाणे गीत की शानदार प्रस्तुति दी।

### एक्शन में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, 22 जिलों में अवैध शराब के खिलाफ चला विशेष अभियान

**चण्डीगढ़-** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा अवैध शराब व कच्ची शराब जैसी गैरकानूनी गतिविधि पर शिंकजा कसने के लिए 19 दिसम्बर 2023 को प्रदेश के 22 जिलों में एक साथ लक्षित छापेमारी की गई। इस विशेष ऑपरेशन के दौरान कुल 35 अभियोग अंकित किये गये तथा 36 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई और 901 लीटर लाहन 57 लीटर कच्ची शराब( कुल 958 लीटर ) तथा 606.5 बोतल देसी शराब तथा 1363 बोतल अंग्रेजी व 775 बोतल बीयर जब्त की गई। गृह मंत्री श्री अनिल विज ने हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो को निर्देश जारी कर राज्य में अवैध खनन और अवैध शराब के खिलाफ अभियान को अधिक कठोरता और प्रभावशीलता के साथ तेज करने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि परिवहन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, बिजली और सिंचाई के अन्य हितधारक विभागों के साथ भी सहयोग चल रहा है और ब्यूरो को अधिक अधिकारी, जनशक्ति और संसाधन उपलब्ध कराए जाने पर इसी तरह के अभियान शुरू किए जाएंगे। उन्होंने इस संबंध में अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी कि वे गलत काम करने से बचें, अन्यथा उनके खिलाफ प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 103.80 फीसदी उत्पादकता, 17 घंटे चली कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**चंडीगढ़,** हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार को 103.80 फीसदी उत्पादकता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 16 घंटे 59 मिनट कार्यवाही चली, जिसमें अपनी बात रखने के इच्छुक सभी 64 विधान सभा सदस्यों ने भाग लिया। 15 दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर को संपन्न हुए शीतकालीन सत्र में कुल 4 विधेयक पारित किए गए। कुल 851 दर्शकों ने सत्र की कार्यवाही देखी। इनमें से 595 स्कूली बच्चे और स्टाफ शामिल रहा। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बुधवार को प्रेस



वार्ता कर पत्रकारों के साथ सत्र संबंधी जानकारी साझा की। इस बार सत्र का विशेष आकर्षण राज्य गीत के चयन के लिए आया एक सरकारी प्रस्ताव रहा। इस प्रस्ताव के साथ 3 प्रस्तावित गीत भी सदन भी सुनाए गए। गीतों पर चर्चा के बाद चयन के लिए विधायकों की एक कमेटी का गठन किया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अध्यक्षता में इस कमेटी में विधायक बिशंभर सिंह वाल्मीकि, गीता भुक्कल, नीरज शर्मा, जोगी राम सिहाग को शामिल किया गया है।

# कांग्रेस कार्यालय में चौधरी उदयभान की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**

हरियाणा कांग्रेस कार्यालय चंडीगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की अध्यक्षता में पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद रहे। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई। चौधरी उदयभान ने बताया कि इस अवसर पर राज्य, जिला, ब्लॉक, तथा मतदान केंद्रों पर कांग्रेस पार्टी का झंडा विधिवत रुप से फहराया जाएगा। और जनसभाएं व नुक्कड़ सभाएं इत्यादि करके कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने और स्वतंत्रता संग्राम तथा राष्ट्रीय निर्माण में भारतीय



राष्ट्रीय कांग्रेस की भूमिका का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इन जनसभाओं में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं, आमजन, विशेषकर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक ह्यतिलक स्वराज फंडह्ल से प्रेरित ह्यदेश के लिए दान करेंह्ल ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान चलाया गया है। प्रदेश कांग्रेस ने भी इस बारे में परिपत्र जारी कर दिया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस समर्थकों को 138 रुपए से लेकर 13,800 व इससे ज्यादा के गुणक दान करने के लिए कहा गया है। यह दान राशि सीधे तौर पर एआईसीसी के ऑनलाइन पोर्टल व वैबसाइट पर करनी है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि कांग्रेसजनों ने इसके माध्यम से अपना योगदान देना शुरू कर दिया है। वहीं इस दौरान चौधरी उदयभान ने संसद में विपक्ष के सांसदों के साथ हुए बर्ताव की भी कड़े शब्दों में निंदा की।

उन्होंने कहा कि सरकार का रवैया विपक्ष के साथ ठीक नहीं है और सरकार विपक्ष की बात सुनने को तैयार नहीं है। संसद की सुरक्षा में चूक क्यों हुई, इसका जबाव देने की बजाए उल्टा सांसदों को सस्पेंड किया जा रहा है। जिसके विरोध में कांग्रेस 22 तारीख को प्रदेशभर में रोष प्रदर्शन करेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के हरियाणा में 20 दिन पूरे

**चंडीगढ़:** देशभर में जोरों शोरों से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा में भी धूम मचा रही है। यात्रा को राज्य में 20 दिन पूरे हो चुके हैं और इस दौरान 2413 ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में अब तक 15 लाख 12 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की है। यात्रा के प्रति प्रदेश में जन उत्साह देखने को मिल रहा है और भारी संख्या में लोग विभिन्न स्टॉलो पर जानकारी हासिल करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल कहते हैं कि मोदी की गारंटी की गाड़ी समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। यह यात्रा न केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है, बल्कि नागरिकों को भारत की विकास यात्रा में प्रमुख भागीदार भी बना रही है। प्रत्येक नागरिक का कल्याण और उत्थान होने से निश्चित तौर पर हमारा देश विकसित राष्ट्र बनेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के दौरान 20वें दिन भी लोगों की भागीदारी उत्साहवर्धक थी। लगभग 1 लाख 20 हजार से अधिक लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ ली।

# जींद के 150 बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही, राज्यगीत पर विधायकों की चर्चा के बने गवाह

## विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर विधायकों की बहस देखने चंडीगढ़ पहुंचे नवोदय विद्यालय जींद के 150 छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**

जींद के जवाहर नवोदय विद्यालय के 150 बच्चों ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखी और प्रशासन, विधानसभा व राजनीति के कुछ मूलमंत्र सीखे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के निमंत्रण पर चंडीगढ़ पहुंचे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगाकोठी के 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों ने दो दिन तक विधानसभा की कार्यवाही देखी और साथ ही विधानसभा भवन का दौरा किया। सत्र के दौरान विधानसभा की कॉफी टेबल बुक का विमोचन और राज्य गीत पर विधायकों के बीच चर्चा छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का विषय रहे और ये दिन उनके लिए यादगार बन गया। राज्यगीत के चयन पर हुई चर्चा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों द्वारा अपने यहां की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बातों का वर्णन



विद्यार्थियों ने गौर से सुना। साथ ही कुछ विधायकों द्वारा सदन में सुनाए गए लोकगीत और देशभक्ति के गानों को सुनना भी उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। छात्रों ने बताया कि विधायकों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़ी मांगे उठाए जाना और जनहित के मुद्दों पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद देखकर उन्हें विधायकों की राजनीतिक जिम्मेदारी का अहसास हुआ। छात्रों ने कहा कि यह देखना दिलचस्प रहा कि सत्ता पक्ष के विधायक भी अपनी सरकार से अपने हक के लिए मजबूती से लड़ते हैं और जरूरत पड़ने पर मंत्रियों से बहस भी करते हैं। गत 10 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जींद के खुंगाकोठी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उस वक्त डिप्टी सीएम ने विद्यार्थियों को हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही दिखाने की बात कही थी। उसी वायदे को पूरा करते हुए डिप्टी सीएम ने पीएम श्री नवोदय विद्यालय जींद के विद्यार्थियों को विधानसभा की लाइव कार्यवाही दिखाने की व्यवस्था की। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने विधानसभा की लाइब्रेरी के पास विद्यार्थियों के साथ एक यादगार फोटो भी क्लिक करवाई। इस दौरे से विद्यार्थी काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने डिप्टी सीएम का धन्यवाद भी किया। सभी विद्यार्थियों ने पंजाब और हरियाणा सचिवालय, विधानसभा की ऐतिहासिक इमारतों को उत्सुकता के साथ देखा और इनके बारे में जानकारी ली। विधानसभा की कार्यवाही के बाद विद्यार्थियों ने विधानसभा के पुस्तकालय का भी दौरा किया। जींद जिले के विभिन्न गांवों और शहरों से संबंध रखने वाले ये छात्र-छात्राएं खुंगाकोठी स्थित आवासीय नवोदय विद्यालय में रहकर उच्च स्तर की शिक्षा हासिल कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुनील कुमार उर्फ मटरी पुत्र जनक सिंह वासी ट्योंठा कैथल को भाखड़ा नहर पुल करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से छह मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी सुनील कुमार ने थाना सिविल लाइन के सेक्टर 12, संडे सेल से अलग-अलग तिथियों में पांच मोटरसाइकिल और थाना रामनगर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ व्हीकल चोरी के तहत थाना सिविल लाइन में पांच तथा थाना रामनगर में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी सुनील ने जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी सुनील को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 251 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विपिन कुमार पुत्र बंगाली राम वासी अंबेडकर नगर सदर बाजार करनाल को पुरानी सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 251 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी विपिन के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी विपिन अफीम को बरेली उत्तर प्रदेश से कम कीमत पर लेकर आता है और जल्दी पैसे कमाने के लालच में चलते-फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत पर बेचता है। आरोपी खुद भी अफीम का सेवन करता है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से वह अफीम खरीदकर लाया था, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### छीना झपटी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर जसकरण उर्फ सोनू पुत्र रमेश कुमार और राहुल उर्फ सोनू पुत्र स्व शमशेर सिंह वासियान सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र को करनाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसका एक दिन का रिमांड हासिल किया गया।
पुलिस रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों की निशानदेही पर मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी रामकिशन उर्फ अज्जु पुत्र लच्छू वासी मन्नूनगर जिला बदायू उत्तरप्रदेश हाल बद्दी हिमाचल प्रदेश को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से उनकी निशानदेही पर छीना गया एक मोबाइल मार्का वीवो, चार सौ रुपए और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि तीनों आरोपियों ने 25 जुलाई को शिकायतकर्ता राजिंद्र वासी छप्पर जो कि भादसो इंद्री राइस मिल से अपनी सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी खत्म करके आ रहा था, उससे कादरगढ़ के पास तेजधार हथियार दिखाकर वीवो मोबाइल व पर्स छीन कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना इंद्री में मामला दर्ज किया गया था।
आगामी पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपियों ने मिलकर जल्दी पैसे कमाने के लालच में वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### निफा ने अपना आशियाना में 200 लोगों को वितरित किए गर्म स्वेटर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**नेशनल** इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस की ओर से अपना आशियाना के 200 निवासियों को सर्दी के नये गर्म स्वेटर दिये गये व उनके अच्छे भविष्य की कामना की।
करनाल के जुंडला गेट में चल रहे अपना आशियाना में उन लोगों की सेवा सम्भाल की जाती है, जो सडकों पर लावारिस मिलते हैं। इनमे कई जख्मी हालत में होते हैं तो कई मानसिक रूप से गहरे अवसाद में जी रहे होते हैं। ऐसे लोगों को अपना आशियाना में न केवल रहने का ठिकाना दिया जाता है, बल्कि उनका उचित इलाज भी किया जाता है व उनके खाने पीने और कपड़ों का भी प्रबंध किया जाता है।
निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि वह विगत दिनों अपने साथियों के साथ अपने जन्मदिन के अवसर पर यहाँ आए थे और यहाँ राजकुमार अरोड़ा, अनु मदान, बाली और उनके साथियों द्वारा की जा रही निस्वार्थ सेवा से बेहद प्रभावित हुए थे।
निफा के सभी साथियों ने खुद आगे आकर सहयोग की बात कही थी और आज अपना आशियाना को चला रहे समाज सेवी साथियों के सुझाव पर टीम निफा की ओर से यहाँ रहने वाले सभी मानवजनों के लिए सर्दी के नये गर्म स्वेटर देने आये हैं। इसके लिए निफा के साथियों ने मिलकर सहयोग किया है। पन्नु ने कहा कि अपना आशियाना करनाल का पिंगलवाडा है और हर करनाल वासी को आगे आकर यहाँ हरसंभव सहयोग देना चाहिए।

# सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल का हो रहा चहुंमुखी विकास: रेनू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। महापौर** रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 20 में नागरिकों को करीब 1 करोड़ 5 लाख 26 हजार रुपये के तीन विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें गांव उचाना में बाबा फतेह नाथ भवन, वाल्मिक चौपाल और अम्बेडकर भवन का निर्माण कार्य शामिल है। शुभारंभ अवसर पर वार्ड पार्षद मोनू, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा जेई रवि कुमार मौजूद रहे। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि गांव उचाना में बाबा फतेह नाथ



भवन बनाया जाएगा। इसमें 30 गुणा 50 फुट के आयताकार आकार में एक हाल का निर्माण किया जाएगा। हाल के साथ कमरा, शौचालय तथा भवन की बाउंडरी वाल भी की जाएगी। इस पर अनुमानित 30 लाख 38 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और यह कार्य आगामी 4 माह में पूरा कर लिया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उचाना में ही वाल्मिकी चौपाल का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में 35 गुणा 60 फुट का एक बड़ा हाल बनाया जाएगा। इसमें भी हाल के साथ कमरा, शौचालय तथा चौपाल की बाउंडरी वाल बनाई जाएगी। इस पर अनुमानित 40 लाख 34 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस कार्य को भी अगले 4 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तीसरे कार्य की जानकारी देते मेयर ने बताया कि उचाना गांव में अम्बेडकर भवन का निर्माण किया जाएगा। इस पर 34 लाख 54 हजार रुपये खर्च आने का अनुमान है। भवन में 30 गुणा 50 फुट के हाल के अतिरिक्त कमरा, शौचालय तथा बाउंडरी वाल का निर्माण किया जाना है। इसका निर्माण कार्य पूरा होने में भी करीब 4 माह का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त भवनो के निर्माण के लिए पार्षद व समाज की ओर से प्रार्थना की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए निगम इंजीनियरों को इनके एस्टीमेट बनाकर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। वार्ड पार्षद मोनू ने उचाना गांव के स्टेडियम में ट्रैक, झूले इत्यादि सुविधाएं बढ़ाने की महापौर के समक्ष अपनी मांग रखी। उन्होंने गांव में ओर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटें लगवाने तथा निमार्णाधीन रेन वाटर हार्वेस्टर यानि वर्षा जल संचयन यंत्र के कार्य को तेजी से करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इसके बनने से जोहड़ के पानी की पर्याप्त निकासी हो पाएगी।

## भाविप की माधव शाखा ने बच्चों को वितरित की जर्सियां, जूते व जुराबें



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**भारत विकास** परिषद की माधव शाखा की ओर से राजकीय मिडिल स्कूल सेक्टर-6 में गरीब एवं होनहार बच्चों को जर्सियां, जूते एवं जुराबों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद माधव शाखा की अध्यक्ष पायल चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन एसएम सिंगल ने किया।
शाखा अध्यक्ष पायल चौधरी ने कहा कि शाखा द्वारा प्रतिदिन समाज के उत्थान एवं समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नये-नये प्रकल्प एवं नए-नए प्रयोग किए जाते हैं। सभी सदस्य तन, मन और धन से समाज सेवा में तत्पर रहते हैं।
उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बच्चों से एक वायदा भी लिया कि वह पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहेंगे। इस अवसर बच्चों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म स्वेटर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंड ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की और से अपना आशियाना आश्रम के जरुरतमंदो को गर्म स्वेटर बांटे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक व नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। ये प्रोजेक्ट नैशनल डायरेक्टर पंकज गर्ग ने अपने पिता पूर्ण चंद गर्ग की पुण्य स्मृति में आयोजित किया। इस अवसर पर अपना



आशियाना आश्रम में रहने वालों को बिस्कुट व कोल्ड ड्रिंक भी वितरित की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन की जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के द्वारा चैरिटी के कार्य भी किए जाते हैं, जिसमें जरूरतमंद कन्याओं को शादी का सामान उपलब्ध करवाना, जरूरतमंदों को कपडे, खाने का सामान उपलब्ध करवाना, जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को फीस, पाठ्य सामग्री, ड्रेस, स्वेटर, ब्लेजर, शूज आदि उपलब्ध करवाए जाते हैं।
उन्होंने कहा कि ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की जागरूकता व मानव सेवा के लिए कार्यरत है।

## प्राचीन नीम के पेड़ की पेंशन की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**यमुना किनारे** बसे ऐतिहासिक गांव कुंजपुरा में रोड़ भवन परिसर स्थित प्राचीन नीम वृक्ष की पेंशन लागू करने की ग्रामीणों ने मांग उठाई है। सामाजिक संस्था विकास क्लब कुंजपुरा के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि प्राचीन वृक्ष की पेंशन लागू करने की राज्य सरकार की योजना है। करीब 500 वर्ष पुराना यह नीम का पेड़ कुंजपुरा गांव के इतिहास का गवाह है। बुजुर्ग बताते थे कि सन 1700 के आसपास निजावत खां को कुंजपुरा का नवाब बनाया गया था।
इसी परिवार के पास ब्रिटिश शासन में भी 1947 तक नवाबी रही। रोड़ भवन में स्थित इस नीम के पेड़ से किसी भी शासन में छेड़छाड़ नहीं की गई। बुजुर्ग इस पेड़ की अच्छी परवरिश किया करते थे।

## विधायक हरविंद्र कल्याण ने विपक्ष के बयानों पर किया तीखा पलटवार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। घरौंडा** विधायक हरविंद्र कल्याण ने विधानसभा सत्र में शून्य काल के दौरान बोलते हुए विपक्ष पर तीखे हमले किये। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास किया है। उन्होंने कहा कि जब 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की कमान सँभाली थी तो कांग्रेस के नेता लगातार गलत तरीके.से टीका टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री को नातजुबेर्कार कहते थे, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हमेशा कहा कि उनको सेवा का तो तजुर्बा है,



परन्तु भ्रष्टाचार तथा अन्य गलत कार्यों का बिलकुल तजुर्बा नहीं है। विधायक कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नौ वर्षों में व्यवस्थाओं को पारदर्शी व मजबूत करते हुए अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय तो दिया ही है, साथ ही साथ अंत्योदय की भावना के साथ गरीब व कमजोर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाकर धरातल पर गंभीरता से उतारकर यह भी साबित कर दिया है कि प्रदेश के विकास व लोगों को अच्छा शासन प्रदान करने के लिए किसी भी नेता के अन्दर ईमानदारी, सेवा भाव व दृढ़ संकल्प का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता उस समय शायद यह भूल गए थे कि नरेंद्र मोदी जो आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, वह भी जब गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तो उन्हें भी केवल सेवा का ही तजुर्बा था।

# 'सरकारी योजनाएं पहुंचाने की पीएम की बड़ी पहल'

## हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने की प्रधानमंत्री की अच्छी पहल: रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। इंद्री** के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए ष्विकसित भारत संकल्प यात्राष के रूप में बड़ी पहल की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यात्रा बुधवार को छाप्पर व खानपुर गांव में पहुंची।
विधायक रामकुमार कश्यप ने



दोनों गांवों में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।
विधायक रामकुमार कश्यप ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई स्टॉल का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अंतिम व वंचित व्यक्ति सरकार की ष्अंत्योदयष योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। सरकार अंतिम व वंचित व्यक्तियों का सपना पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें अपना घर मिले, इसकी चिंता भी सरकार कर रही है। इस मौके पर छाप्पर गांव में मंडल अध्यक्ष अमनदीप विर्क ने कार्यक्रम में आमजन को विकसित भारत से जुड़ी शपथ दिलाई। वहीं खानपुर गांव में उपमंडल अध्यक्ष सीखा रानी ने शपथ दिलाई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाया। दोनों गांवों में 4-4 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी से सोनू रंबा, कर्ण समोरा, सीखा रानी, राजपाल, संघ विस्तारक संजय सैनी, बीडीपीओ साहब सिंह, एसएमओ डॉ. किरण गिरधर, एसएमओ डॉ. अंजू, डॉ. शुभम गांधी, छाप्पर गांव के सरपंच शाम सिंह व खानपुर गांव के सरपंच सुरेंद्र मौजूद रहे।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिला कारागार** में सीजेएम सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में 4 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया, जिसमें 3 केसों में 4 को अंडरगोन किया गया। सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय तीन लाख से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में जेल अधीक्षक अमित भादू, जेल उप अधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थे। जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि वह सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## सूर्य नमस्कार से होता शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार: आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत आईसीएआर, गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में संचालित योग कक्षा में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के साथ खेलो इंडिया व फिट इंडिया और सूर्य नमस्कार के ब्रांड एंबेसडर संदीप आर्य कक्षा में पहुंचे और योग साधकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार के लिए विश्वविख्यात और विश्व रिकॉर्ड कायम करने वाले लगातार 36 घंटे और 21 मिनट संदीप आर्य के साथ संस्थान के अधिकारियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। वैज्ञानिक संस्थान के निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में संस्थान के वैज्ञानिक और विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार का लाभ लिया। संदीप आर्य ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है और योग को जीवन में अंगीकृत करने से के लिए प्रेरित किया।

## करनाल: संकल्प यात्रा पहुंची अरजेहड़ी और जरिफाबाद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह बात नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने गांव अरजेहड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कही।
उन्होंने कहा कि विकसित



भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। अब तक बहुत से लाभार्थी विकसित भारत संकल्प यात्रा का फायदा उठा चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव में जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत.प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा देश के कोने.कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। गांव जरिफाबाद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मेयर रेणु बाला गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में इस यात्रा के दौरान प्रदेशभर में अनेक वाहन चल रहे हैं।

# संकल्प यात्रा का गांव नीलोखेड़ी में हुआ जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा का बुधवार को नीलोखेड़ी ग्रामीण में पूरे जोश के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान यात्रा को देखने के लिए गांव में बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े व युवा पहुंचे और सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली गारंटी वाली गाड़ी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी-अपनी समस्याओं को रखा, जिनमें से ज्यादातर समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। कार्यक्रम में



मौजूद लोगों को विकसित भारत की शपथ भी ग्रामीणों को दिलाई गई। पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सम्मान शहीदों के परिजनों को मोदी सरकार ने दिलाया है, इससे पूर्व किसी भी सरकार ने नहीं दिलाया।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के उत्थान को लेकर योजनाएं बनाई है, जिनका हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश में हो रही विकास कार्यों से प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि साफ दिखाई पड़ती है। उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का भी बड़े स्तर पर लोगों को लाभ दिया जा रहा है।
पूर्व विधायक ने कहा कि महिलाओं को पंचायत में आरक्षण का लाभ पहुंचाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया है। आज महिलाएं किसी की मोहताज नहीं है। बड़े-बड़े पदों पर आसीन होकर महिलाएं देश सेवा कर रही है।
उन्होंने उज्वला योजना के तहत महिलाओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किए गए कार्यक्रम में गांव के पूर्व सैनिकों, खिलाडियों उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उज्वला योजना के तहत कुछ महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए गये।
इस अवसर पर पुरानी नीलोखेड़ी से सरपंच हरप्रीत सिंह, सोहन जांगड़ा, मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, कुलवंत सिंह नम्बरदार, जोगिन्द्र सिंह, सर्वजीत सिंह, पूर्व सरपंच हरजीत सिंह, मदन पाल, भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण बुटाना, गुलाब सीकरी, राम सिंह, लवली कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

## दुपेड़ी व रिसालवा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा बुधवार को असंध ब्लॉक के दुपेड़ी व रिसालवा में पहुंची। दुपेड़ी में बतौर मुख्यतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने शिरकत की, जबकि गांव रिसालवा में पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क मौजूद रहे। यात्रा के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। नागरिकों ने शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गांव दुपेड़ी में यात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष



योगेंद्र राणा ने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक दूरदर्शी विजन हैए जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य है कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जीए और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था।

## संपादकीय

# बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम, शेष देशों का जीना हुआ हराम।

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की संस्था आई,पी,सी,सी, की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के अमीर देश अकेले ही 60% से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14% ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी।

# शिवराजसिंह चौहान भाजपा का उदारवादी राष्ट्रीय चेहरा

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

> “चुनाव के पूर्व और अपार सफलता के बाद भी संगठन शिवराजसिंह को नजरंदाज करता प्रतीत हो रहा है, किंतु चुनाव के उपरांत भाजपा को मध्यप्रदेश में मिली अपार सफलता के बाद जनता की नजर में नायक के रूप में अव्वल नंबर पर कोई है तो वह है मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मामा जिनकी जननायक की छवि ने भाजपा के लिए प्रचंड सफलता की इबारत लिखी। सूबे में शिवराजसिंह चौहान सबसे अधिक समय तक मुखिया रहे हैं। उन्होंने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को मूर्तरूप देकर जनसामान्य को लाभ पहुंचाने के कार्य किए। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में लाडली बहना योजना शिवराज का मास्टर स्ट्रोक शाबित हुआ। प्रदेश में लाडली बहना योजना का प्रचारझ्प्रसार करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई”



**मध्यप्रदेश में** सोलहवीं विधानसभा के चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में भाजपा ने समस्त अनुमानों को झुठलाते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। राज्य में भाजपा ने 163 विधानसभा सीटों पर विजय श्री प्राप्त कर अचंभित कर दिया। प्रदेश में भाजपा को मिली प्रचंड विजय को भाजपा संगठन मोदी मैजिक बता रहा है। चुनाव के पूर्व और अपार सफलता के बाद भी संगठन शिवराजसिंह को नजरंदाज करता प्रतीत हो रहा है, किंतु चुनाव के उपरांत भाजपा को मध्यप्रदेश में मिली अपार सफलता के बाद जनता की नजर में नायक के रूप में अव्वल नंबर पर कोई है तो वह है मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मामा जिनकी जननायक की छवि ने भाजपा के लिए प्रचंड सफलता की इबारत लिखी। सूबे में शिवराजसिंह चौहान सबसे अधिक समय तक मुखिया रहे हैं। उन्होंने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को मूर्तरूप देकर जनसामान्य को लाभ पहुंचाने के कार्य किए। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में लाडली बहना योजना शिवराज का  मास्टर स्ट्रोक शाबित हुआ। प्रदेश में लाडली बहना योजना का प्रचारझ्प्रसार करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1250 रु महीना राज्य सरकार द्वारा जमा किया जा रहा है। शिवराजसिंह चौहान मुख्यमंत्री रहने के दौरान भावुक, और संवेदनशील नजर आते रहते थे। उन्होंने समयझसमय पर सख्त रुख भी इख्तियार किया। जो समय की मांग भी मानी जा सकती है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेशभर में दिनरात एक कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया। खुद शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकार किया चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें नींद नहीं आती थी। उनकी नायकत्व छवि का ज्वार उस समय चरम पर पहुंच गया जब भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश में अगली पीढ़ी को कमान सौंपने के निर्णय को सर्वोपरि रखते हुए शिवराज मंत्री मंडल के पूर्व शिक्षा मंत्री उज्जैन दक्षिण के वर्तमान विधायक मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपने का निर्णय लिया। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने सिर्फ मध्यप्रदेश में ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी नवीन चेहरों को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपने का निर्णय लिया। मध्यप्रदेश में आमजनता की नजर में शिवराज सिंह मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। शिव के स्थान पर मोहन का चयन करना भाजपा हाईकमान का अंदरूनी निर्णय है। इस निर्णय के पीछे भाजपा संगठन की आगामी रणनीति भी छुपी हो सकती है। इस निर्णय से संगठन को क्या फायदा या नुकसान होगा यह समय के गर्त में छुपा हुआ है। किंतु वर्तमान दौर में साफतौर पर जो दिखाई दे रहा है। वह यह है की शिवराज सिंह चौहान एमपी में मुख्यमंत्री के तौर पर बेहतर कार्य कर रहे थे। प्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर शिवराज के पक्ष में ही अपना जनादेश दिया था। शिवराज का मुख्यमंत्री नहीं बन पाना प्रदेश की जनता को दुखी कर गया लगता है। इस दुख के पीछे शिवराज जनप्रिय छवि, गहरा विश्वास और जनसामान्य जुड़ गया नाता नजर आता है। प्रदेश के मामा, लाडली बहनों के भाई और संवेदनशील मुख्यमंत्री से आमजनता का गहरा रिश्ता बन गया था। प्रदेश की जनता के मन में शिवराज के प्रति गहरा अपनत्व नजर आता दिखाई दे रहा था। यह प्यार और अपनत्व उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान तो था। उनके मुख्यमंत्री नहीं बन पाने के बाद अधिक बढ़ता दिखाई दिया। प्रदेश भर से शिवराज के चाहने वालो के अश्रुयुक्त दुखी चेहरे इस बात की तस्दीक करते दिखाई दे रहे है, उनके दुख का मूल कारण यह है की जनता का यह वास्तविक प्रतिनिधि जिसे वह चाहते हैं, मतदान के रूप में जिसके प्रति विश्वास प्रकट किया गया। भाजपा संगठन की नीति के परिणाम स्वरूप प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। बावजूद इसके जनता का प्रेम उनके प्रति अधिक बढ़ता दिखाई दिया। ऐसा प्रदेश के आमजन की भावनाओं को जानने के उपरांत दिखाई दे रहा है। शिवराज को भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व क्या जिम्मेदारी सौपेगा। यह आगामी समय में स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल शिवराज के प्रति जो स्नेह, प्यार और विश्वास की लहर दिखाई दे रही है।

वह उन्हें देश के बड़े नेता और नायक के रूप में खड़ा करती दिख रही है। शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते बनाई योजनाएं, उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन उनके कुशल प्रशासक होने का प्रमाण है। उनके बहुत से प्रशंसक उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में भी देख रहे है। शिवराज की अंहकार रहित छवि भी उनके नायकत्व में वृद्धि करती है। साढ़े अठारह बरस निर्विवाद मुख्यमंत्री रहने के बाद एमपी की जनता के दिल में बसे शिवराज की भाजपा हाईकमान ने अपनी नीति के चलते बिदाई जरूर कर दी है। किंतु जनता के दिल से शिवराज की बिदाई करना इतना आसान दिखाई नहीं देता है। उनका अंदाज भी निराला है। जब उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा झजस की तस रखदिनी चदरियाझ तब वह यहीं कहना चाह रहे थे की जैसी मुझे सत्ता सौंपी गई थी वैसी की वैसी सत्ता वापस कर दी गई है। प्रजातंत्र में जनता का विश्वास उस नेता को ही मिलता है जो जनता की समस्याओं को जानता हो, समस्याओं के उचित निराकरण के उपाय करता हो, जो समाज के शोषित, वंचित, गरीब वर्ग के लिए संवेदनशील हो, जनपेक्षाओं से भलीभांति परिचित हो, अपराधियों के लिए कठोर, आमजन के लिए द्रवित दिखाई देता हो। शिवराज ने समयझसमय पर कठोरता का आवरण ओढ़ा किंतु उनके मूल में उदारता हमेशा दिखाई देती रही। उन्होंने मध्यप्रदेश की तस्वीर को संवारा है। प्रदेश को विकासशील से विकसित बनाने की ओर अग्रसर किया है। प्रदेश के विकास में शिवराज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वें गंभीर प्रकृति के नेता है। यही कारण है की उनके प्रशसंक उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते है। यह सही भी है। भाजपा में नरेंद्र मोदी के बाद चारझपांच नामो पर चर्चा की जाए तो प्रधानमंत्री के दावेदारों में शिवराज को आसानी से शामिल किया जा सकता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके सफल कार्यकाल के बाद भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व शिवराज सिंह चौहान का राष्ट्रीय राजनीति में उचित योगदान तय करेगा। मध्यप्रदेश की जनता को यह आशा करनी चाहिए शिवराज राष्ट्रीय राजनीति में अपने अनुभव का प्रयोग कर देश का नाम रोशन करेंग। राजनीति में आरोप लगाना आसान है। शिवराजसिंह पर भी लगे है। किंतु लंबे वक्त तक प्रदेश का मुखिया बने रहने के बाद भी बेदाग रहना उनकी ईमानदार छवि का उदाहरण है। शिवराज प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के दौरान तो जनप्रिय नजर आते ही थे। मुख्यमंत्री पद से सम्मान पूर्वक बिदाई उपरांत भी उनकी छवि अधिक उजली, निखरी और जनप्रिय नजर आ रही है। प्रदेश में उनके मुख्यमंत्री रहते मिला जनता का अपार समर्थन तो यह सिद्ध करता ही प्रतीत हो रहा है। प्रदेश का वर्तमान नेतृत्व शिवराज के जनहितैषी कार्यों को आगे बढ़ाएगा और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व मध्यप्रदेश के इस कद्दावर नेता के अनुभव का लाभ लेते हुए उचित भूमिका तय करेगा। वें भाजपा के उदारवादी राष्ट्रीय चेहरे है। उनका राष्ट्रीय राजनीति में अहम योगदान होना चाहिए।

## कविता

**बदलते जमाने की हवा।**

जमाने को लग गई किसकी नजर,
मासूम कातिल नजर आने लगे हैं ।
अबोध खिखिलाते नहीं अब खुल के,
जमाने की बंदिश से हकलाने लगे है।
सूरज भी तपने लगा है बेइंतहा,
परिंदे पंख अब फड़फडानें लगे है।
उलटी बयार सरसरा रही है ऐसी।
पेड़ों में नए पत्ते भी सूखे आने लगे है।'
बेरूखि का ये कैसा हो गया असर
श्रवण कुमार माँ बाप से कतराने लगे हैं।
पश्चिम का परचम फैला है इस कदर।
बच्चे देश के विदेशी कहलाने लगे है।
भूख और लाचारी सर उठाने लगी है
संजीव।
अन्न दाता ही अब जहर खाने लगे हैं।

संजीव ठाकुर

# प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली अंधविश्वास पूर्ण तंत्र-मंत्र विद्या

**निर्मल रानी**

**भारतवर्ष** एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे। शायद इन्हीं 'राशन लाभार्थियों ' के बल पर ? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक खबरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर,अमानवीय व हिंसक बना दिया है ? रोज कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति को खासकर महिला को चुड़ैल,भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी की पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की जंजीरों से जकड़कर किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं। इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार,हत्या,धन ऐंठना,ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च  शिखर तक भी रही है। परन्तु चूँकि इस तरह की अंधविश्वास,झूठ व पाखंड पूर्ण विद्याओं को विज्ञान कोई महत्व नहीं देता, इसमें किसी तरह की नाममात्र तार्किकता व तर्कशीलता नहीं होती इसलिये झूठ आधारित इस स्वयंभू विद्या को जड़मूल से समाप्त करने में ही हमारे समाज का भला है। परन्तु बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि चुड़ैल,भूतनी या डायन तथा तांत्रिक विद्या के चक्करों में सदियों से उलझे हमारे देश की सरकारें भी इस 'नासूर ' रुपी अन्धविश्वास व पाखण्ड से देश को निजात नहीं दिला सकीं। इसका कारण भी बड़ा रोचक है। दरअसल सरकारें व इसमें शामिल तमाम शातिर नेता चाहते भी यही हैं कि देश की भोली भाली जनता इन्हीं बे सिर पैर की बातों में उलझी रहे।

## विचार

# राष्ट्र को बदलने में मीडिया की भूमिका

**विजय गर्ग**

**मीडिया** सकारात्मक गति या नकारात्मक टॉर्क उत्पन्न करने के लिए व्यवहारिक गतिशीलता और परिवर्तन को ढालता है। चाहे वह समाचार मीडिया हो, दृश्य मीडिया या सोशल मीडिया, यह लोगों में जागरूकता पैदा करने और सकारात्मक दिशा में विकास के प्रक्षेप पथ को बहाल करने के लिए सुधार और परिवर्तन का एक साधन बन गया है। पत्रकारिता में अपने पारंपरिक शब्दकोष के अनुसार दर्शकों को सूचित करने के लिए व्यापक वितरण के लिए समाचार या समाचार लेख एकत्र करना, लिखना और प्रस्तुत करना शामिल है। मीडिया से जुड़ा नया अर्थ समाचारों के प्रसारण से लेकर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एजेंट के रूप में इसके रूपांतर को दशार्ता है। चेक में जन्मे ब्रिटिश नाटककार टॉम स्टॉपर्ड ने कहा कि 'मैं अब भी मानता हूं कि यदि आपका उद्देश्य दुनिया को बदलना है, तो पत्रकारिता एक अधिक तात्कालिक अल्पकालिक समाधान है।' यहां तक ??कि ऑस्कर वाइल्ड ने एक कदम आगे बढ़कर कहा कि 'अमेरिका में राष्ट्रपति चार साल तक शासन करता है और पत्रकारिता हमेशा-हमेशा के लिए शासन करती है।' मीडिया किसी के लिए भी आवाज उठाता है और आवाज के बिना भी, जो कहने योग्य नहीं है उसके लिए कहता है, निर्दोष और कमजोर समूहों की दुर्दशा को दशार्ता है और प्रगति का मार्ग दिखाता है। यह किसी समाज/राष्ट्र को जोड़ने, सूचित करने और प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण कारक साबित हुआ है ताकि उसे समावेशी और समग्र विकास के लिए सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया जा सके, प्रभावशाली विकास के लिए सूचना इंजीनियरिंग सकारात्मक मीडिया गतिशीलता का पर्याय बन गई है। भय और पक्षपात के बिना सच्ची स्पष्टवादिता के साथ निष्पक्ष चित्रों की प्रस्तुति मीडिया का आदर्श वाक्य होना चाहिए। हालाँकि सांसारिकता और अपवित्रता के युग में यह कठिन है, और मीडिया भी प्रलोभनों से अछूता नहीं है, लेकिन फिर भी मीडिया अपवादों को छोड़कर राष्ट्र की भलाई के लिए सकारात्मक भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया सहित मीडिया के लिए दिशानिर्देश बनाने के लिए पांच सुनहरे नियम विकसित किए गए हैं। वे हैं दर्शकों के लिए सामग्री मूल्य बनाना, मंच पर नहीं सामग्री पर ध्यान केंद्रित करना, समाज/राष्ट्र के लिए समाचार योगदान (सकारात्मक) की प्रस्तुति, रचनात्मक पक्ष के साथ प्रस्तुति और सामग्री और लोगों को सकारात्मक तरीके से मार्गदर्शन करना। संक्षेप में, यह कहा जा सकता है कि एक नई शुरूआत की शुरूआत करने के लिए जनसंचार द्वारा ये महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई जा सकती हैं। पहला है जनता तक महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार जो निर्णय लेने और जागरूकता के लिए आवश्यक है। दूसरा शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य कर रहा है और सकारात्मक व्यवहार और प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है। एक विकासशील देश में, मीडिया न केवल लोकतंत्र को बढ़ावा देने में बल्कि राजनीतिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करने में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया जानकारी प्रवाहित करके, व्यवसाय को बढ़ावा देकर, विकास को निर्देशित करके और चीजों को जीवंत बनाकर (सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए) सांस्कृतिक आदान-प्रदान करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। सामाजिक अन्याय, लैंगिक असमानता और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को उजागर करके जनसंचार द्वारा सामाजिक परिवर्तन प्रभावित किए जाते हैं। जनमत जुटाकर मीडिया सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। राष्ट्रीय पहचान और एकता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जुड़ने और विचारों को साझा करने के लिए मंच प्रदान करने वाले जनसंचार माध्यमों से सामाजिक एकजुटता प्रभावित हो सकती है। स्वास्थ्य संवर्धन और बीमारी की रोकथाम में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता। मीडिया लोगों की आवश्यकताओं को सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रस्तुत करता हैयोजनाबद्ध तरीके से विकास. और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनसंचार माध्यम वैश्विक मंच पर राष्ट्र की छवि बना सकते हैं, विदेशी निवेश और पर्यटन को बढ़ावा दे सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# किससे क्या लेना देना

आजकल सीखने और सिखाने का पढ़ने और पढ़ाने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों का एक-दूसरे से छत्तीस का आंकड़ा है। सीखने-सिखाने और पढ़ने-पढ़ाने के लिए कॉपी, किताब, कलम और शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है। यह सभी दकियानूसी अंधविश्वास हैं। बोलने के लिए मुँह और सुनने के लिए कान हैं तो काफी है। हमारे एक मित्र जो ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे अपने बच्चे के पूछने पर राष्ट्रीय चिह्नों के बारे में बता रहे थे। मैंने देखा कि वे राजभाषा के रूप में द्वंद्वार्थी भाषा, राष्ट्रीय ध्वज के रूप में डंडा एक झंडे अनेक, राष्ट्रीय पक्षी के रूप में चमगादड़, राष्ट्रीय पशु के रूप में गाय, राष्ट्रीय फूल के रूप में गोभी का फूल, राष्ट्रीय फल के रूप में नाशपति, राष्ट्रीय पेड़ के रूप में चने का झाड़, राष्ट्रीय गान के रूप में गोली मार भेजे में भेजा शोर करता है, राष्ट्रीय नदी के रूप में झूठ की नदी, राष्ट्रीय खेल के रूप में उठा पटक और राष्ट्रीय पंचांग के रूप में चुनावी वर्ष बताया। लड़के के पूछने पर कि देश को स्वतंत्रता कब मिली तो उन्होंने वर्ष 2014 बताया। स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर वीरों में अक्षय कुमार और वीरांगना में कंगना रनौत की प्रशंसा की। मैं यह सब सुन उसे डाँटने ही वाला था कि वह बोल पड़ा, खबरदार! जो तुमने मेरे ज्ञान पर उंगली उठाई। मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। हम भी टी.वी. देखते और सुनते हैं। तुम्हारी तरह हम भी देश के बारे में पल-पल की जानकारी रखते हैं। वह तो भला हो पद्मश्री सबला जी का, जो हम जैसे नासमझों को बड़ी सरलता से यह सब ज्ञान की बातें चुटकियों में बता देती हैं। मैं कुछ कहता इससे पहले मेरा अंतर्मन कुमार कह उठा झ भैया क्यों पड़ते हो इन सब पचड़े में। सुना नहीं आधुनिक दस्युकुमार वाल्मीकि जी क्या कहते हैं कि राम के साथ वनवास लक्ष्मण नहीं भरत गए थे। ज्यादा तीन-पाँच करोगे तो तुम्हें वन नहीं परलोक भेज दिया जाएगा। मैंने अपने मित्र से क्षमा माँगी और कहा झ गलती से मिस्टेक हो गई।

# इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व

**आशीष वशिष्ठ**

**इंडियन** नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी  गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं। कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### पूरा पानीपत एक साथ गीता का करेगा पाठ

पानीपत/कमाल हुसैन

**पूरा पानीपत एक** साथ गीता का पाठ करेगा । गीता में श्री स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज ने पानीपत में गीता श्लोक वितरण केंद्र का शुभ आरंभ के मौके पर उन्होंने प्रवचन भी किया' सबको रोशनी फाउंडेशन ,वृंदावन ट्रस्ट, जिओ गीता द्वारा संयुक्त रूप से हरियाणा राज्य परिवहन के सहयोग से गीता वितरण केंद्र की स्थापना पानीपत के नए बस अड्डे पर की गई। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा की कुरुक्षेत्र एवं निकटवर्ती क्षेत्र गीता की जन्म भूमि है। आज देश - प्रदेश में विदेश में यही भूमि गीता का संदेश को अग्रसारित करेगी । उन्होंने घोषणा की हनुमंत एक करोड़ लोग 23 दिसंबर को एक साथ सुबह 11:00 बजे सभी लोग गीता पाठ करेंगे।

विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से जूम, इंस्टाग्राम, फेसबुक ,यूट्यूब आदि के माध्यमों से सबको सुबह 11:00 बजे एकत्रित किया जाएगा । पानीपत के सामान्य बस अड्डे पर इस केंद्र पर भी गीता श्लोक का सामूहिक पाठ रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। सबको रोशनी फाउंडेशन के प्रधान सतबीर गोयल वृंदावन ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल ने कहा की 5056 गीता श्लोक वितरित किए जाएंगे।

क्योंकि यह वर्ष 5056 भी गीता जयंती मनाई है ।जिओ गीता की ओर से सूरज दुरेजा,सुनील ग्रोवर और अनिल मद'न ने कहा आगामी सप्ताह में जिले भर में बहुत सारे गीता जयंती के आयोजन किया जा रहे हैं।

पानीपत की आम जनता अपनी सुविधा अनुसार किसी न किसी कार्यक्रम में शिरकत करें। और सामूहिक कार्यक्रम में भाग लेना हम सब का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर सुनील तुली, अंकुश बंसल, हरीश बंसल, सुमित वाधवा, कृष्ण कुमार, पानीपत बस डिपो के सभी कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### प्रसंशा पत्र देकर किया सम्मानित

पानीपत/कमाल हुसैन

**माननीय** न्यायमूर्ति श्री अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी* अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और श्री सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में दिनांक 09.12.2023 को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का सफलता पूर्ण आयोजन होने के उपलक्ष्य में जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री सुदेश कुमार शर्मा ने दुर्घटना कंपनियों के मैनेजरो व अधिवक्ताओ को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान श्री आर. के मेहता अतरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं श्री प्रतीक जैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव मौजूद रहे। इस प्रसंशा पत्र को प्रदान मुख्य उद्देश्य दुर्घटना दावे के अधिवक्ताओ एवं इन्शुरन्स कम्पनीज के मैनेजरों को शुक्रिया अदा करना व उनकी हौसला हफजाई करना है ताकि आने वाली लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा केसों के निपटाने हेतु और प्रयास किये जा सके। इस समारोह में इनको दिया प्रशंसा पत्र।

रजनीश त्रेहन अधिवक्ता, अनिल कुमार विज अधिवक्ता, प्रतीक दुहन अधिवक्ता, विनय मलिक अधिवक्ता, अशोक राव अधिवक्ता, संजय भार्गव अधिवक्ता, रजनीश दहिया अधिवक्ता, तमन्ना सेठी अधिवक्ता व इन्शुरन्स कम्पनीज के मैनेजर आर अस कलर ओरिएंटल इन्शुरन्स, पायल मात्या ओरिएंटल इन्शुरन्स।

### डॉ. अमित कुमार की पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन

टीम एक्शन इंडिया / महेन्द्रगढ़

**हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार की पुस्तक का विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। ह्यलीगल एस्पेक्ट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटीह्य नामक इस पुस्तक के संबंध में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह पुस्तक इस क्षेत्र में कार्यरत युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी।

डॉ. अमित कुमार ने बताया कि पुस्तक में विशेष रूप से पर्यटन एवं आतिथ्य से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं और उनकी उपयोगिता व आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। इस अवसर डॉ. अमित कुमार ने कुलपति को बताया कि उन्हें हाल ही में 8वीं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस ह्यअतिथि 2023ह्य, जो कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित की गई थी, में ह्यग्लोबल हॉस्पिटेलिटी एवं टूरिज्म लीडरशिप अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी डॉ. अमित कुमार को उनकी पुस्तक व अवॉर्ड के लिए बधाई दी।

### छोटा सा प्रयास किसी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचा सकता है

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल** । भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान एवं उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन नारनौल में चल रहे पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन आज रिसोर्स पर्सन द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर प्रवक्ता पवित्रा यादव व राजकुमार व्यास ने संयुक्त रूप से सीपीआर के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि लुक लिशन और फील के द्वारा पता लगाएं कि घायल की सांसे चल रही है या नहीं अगर सांस नहीं चल रही तो सीपीआर दें। उन्होंने कहा कि हमारा ये छोटा सा प्रयास किसी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचा सकता है।

डा. विष्णु चौहान ने बच्चों को टीबी रोग के लक्षण और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बच्चों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना सर्वोत्तम देना चाहिए।

पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्शन रमेश चंद्र गौड़ ने पीने के पानी के महत्व और जल के बारे में बताते हुए कहा कि हमें इसे व्यर्थ नहीं करना चाहिए क्योंकि जल है तो कल है। साहित्यकार भूपसिंह भारती ने अपनी स्वरचित रचनाओं से "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" का संदेश दिया।

कैम्प प्रभारी टेकचंद यादव ने सायं कालीन सत्र में लक्की स्टार कंपीटिशन कराया।

इसमें लड़कियों में आरोही स्कूल मंढाणा की दिव्या प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल की प्रीति द्वितीय और खुशी तृतीय रही। लड़के वर्ग में राजकीय स्कूल अटेली का हिमांशु प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर का छात्र हिमांशु द्वितीय और अटेली स्कूल का केशव तृतीय रहा। काउंसलर वर्ग में पीएम श्री स्कूल अटेली की मनीषा प्रथम, पटीकरा स्कूल की नीतू पुनिया द्वितीय व नारनौल स्कूल से अनुज शर्मा तृतीय रहा।

# यात्रा का बड़ी में पहुंचने पर हुआ स्वागत

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है, पीछे खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना: चौधरी

गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया

**सरकार की** प्रमुख योजनाओं में संपूर्णता लाने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरे देश में शुरू की गया है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे। इसी श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को विधायक निर्मल चौधरी ने गांव बड़ी व दातोली में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भाग लिया। विधायक ने विकसित भारत की शपथ दिलायी और आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का भी अवलोकन किया तथा महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी निभाई। कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से हर क्षेत्र में मोदी की गारंटी की गाड़ी दौड़ रही है। भाजपा नेता आजाद नेहरा ने कहा कि यात्रा के तहत लाभार्थियों को विभिन्न



सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और विश्वास जताया कि यह जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार देश व प्रदेश के विकास और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर एक ओर जहां लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया, वहीं दूसरी ओर कृषि विकास को दशार्ने वाले ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया,

जिसका लाभ उठाकर किसान अपना उत्पादन और उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। इसका उद्देश्य जैविक खेती करने वाले किसानों के साथ रचनात्मक संवाद के साथ-साथ प्रगतिशील सोच को बढ़ावा देना है।

इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेन्द्र कौशिक,आजाद नेहरा,निशांत,मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, अरुण त्यागी, सरपंच नीरज त्यागी, बड़ी गांव के सरपंच प्रतिनिधि लोकेश गोस्वामी , एसडीएम निर्मल नागर,बीडीपीओ दीपिका शर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों की स्वास्थ्य जांच शिविर में करवाई जांच



**राई । टीम एक्शन इंडिया**

**नगर निगम** के वार्ड 8 राय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़ खालसा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच शिविर लगाया गया । सीवर की व्यवस्था में सहयोग पर गांव के लोगों ने निगम पार्षद पुनीत राई का आभार व्यक्त किया । शिविर में आए चिकित्सक नहीं बच्चों के अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों को प्रोटीन युक्त खाने-पीने की चीजे दें। बच्चों को फास्ट फूड से हमेशा दूर रखें । इसके बाद निगम पार्षद पुनीत राई ने भारतीय जनता पार्टी की।

## खुशी के मौके पर किन्नरों के लिए बधाई की राशि निर्धारित

टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा/नारनौल

**प्रायः** देखने में आता है की शादी विवाह, नवजात शिशु जन्मोत्सव जैसे खुशी के अवसर पर किन्नर समुदाय द्वारा बधाई के नाम पर मोटी बधाई राशि प्राप्त करने के लिए मनमानी की जाती है व राशि प्राप्त करने के लिए अभद्रता की जाती है।

बधाई राशि हासिल करने के लिए की जाने वाली मनमानी से समाज का हर वर्ग परेशान है। ऐसे में समाज का हर वर्ग चाहता है कि किन्नर समुदाय की इस मनमानी पर रोक लगाई जाए। श्री नामदेव समाज समिति रजिस्टर्ड नारनौल ने दिनांक 5 अक्टूबर को एक बैठक



बुलाकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि (रोहिल्ला नामदेव टांक क्षत्रिय समाज के) खुशी के अवसर पर किन्नर समुदाय के लोगो को 1100/- रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इससे अधिक राशि की मांग करके मनमानी करने या अभद्रता करने पर किन्नर के खिलाफ उचित कांनूनी कार्यवाही के लिए प्रशाशन को शिकायत कि जा सकती है।

समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय की जानकारी समिति प्रधान ओम प्रकाश लोहारिया,श्री नामदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट सत्यनारायण वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक जिला महेंद्रगढ़ व नगराधीश नारनौल जिला महेंद्रगढ़ को प्रदान की गई। समिति पदाधिकरियो द्वारा दिए गए ज्ञापन पर नगराधीश डॉ मंगल सैन ने उचित कार्यवाही करने का सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया।

## हकेवि प्रतिनिधि ने एआईयू की बैठक में लिया हिस्सा

टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश नौताना

**महेन्द्रगढ़** । भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भाग लिया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह बैठक भारतीय विद्यार्थियों के अमेरिका के विश्वविद्यालय मे एक साल की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला लेने एवं नए अनुभव प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन हेतु आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की



ओर से अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय बोर्ड के सदस्य डॉ. खेराज ने प्रतिभागिता की। हकेवि के अन्तर्राष्ट्रीय मामलो के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने बताया की विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के क्रियान्वयन के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में कुलपति के नेतृत्व में इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। डॉ. खेराज ने एआईयू, नईदिल्ली में आयोजित बैठक के संदर्भ में बताया कि इस बैठक को संघ के अध्यक्ष डॉ. जी.डी. शर्मा एवं संघ के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने सम्बोधित किया। इस बैठक के मुख्य वातार्कार के रूप में इवान पुग विश्वविद्यालय के प्रो. ए. लखटकिया, स्कूल एवं इंजीनियरिंग साइंस एवं मैकेनिक्स पेनेसल्वेनिया स्टेट विश्वविद्यालय यूएसए के प्रो. चार्ल्स गोडफे वाइनडर उपस्थित रहे। डॉ. खेराज के अनुसार विशेषज्ञ वक्ता प्रो. ए. लखटकिया ने अपने संबोधन में भारतीय विश्वविद्यालयों को विश्व के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर नए आयामों पर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही साथ उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा उल्लेखनीय कार्यों को विश्व पटल पर प्रस्तुत कर उनकी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाने पर भी जोर दिया।

## गोहाना क्षेत्र के गांव कैहल्पा तथा कथूरा में पहुंची संकल्प यात्रा



**गोहाना/सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**केन्द्र व** राज्य सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को उनके घर द्वारा पर योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत सकल्प यात्रा बुधवार गोहाना तहसील क्षेत्र के गांव कैहल्पा तथा कथूरा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव कैहल्पा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक तथा कथूरा गांव में आयोजि कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पार्षद तकदीर नरवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। वास्तविक हकदार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में सरकार सजग-चेयरपर्सन साक्षी मलिक गांव कैहल्पा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। नागरिकों को घर द्वार पर मिल रहा योजनाओं का त्वरित लाभः-पार्षद तकदीर नरवाल गांव कथूरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पार्षद तकदीर नरवाल ने कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

## राई हल्के में आज पहुंचने वाली है हरियाणा बदलाव यात्रा: अंतिल

राई/टीम एक्शन इंडिया

**आम आदमी** पार्टी के शिक्षा सेल के जिला अध्यक्ष व खरखोदा हल्का प्रभारी मास्टर सतनारायण अंतिल ने पार्टी की आज राई हल्के में पहुंचने वाली"हरियाणा बदलाव-यात्रा" को लेकर हल्के को लोगों से यात्रा में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि वीरवार को यात्रा का स्वागत में अंगूरी देवी अस्पताल के समीप बहालगढ़ बहालगढ़ बहालगढ़ विशाल स्वागत किया जाएगा ।

मास्टर सतनारायण ने कहा कि बदलाव यात्रा "इब हरियाणा के लाल नै, एक मौका केजरीवाल नै" के नारे के साथ प्रदेश की 90





विधानसभाओं में निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश दें रहे है। बदलाव यात्रा के दौरान आम आदमी पार्टी ने शिक्षा, बिजली, चिकित्सा, पानी, नौकरी, किसान, जवान और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्र में जो काम दिल्ली और पंजाब में किए हैं, उनसे हरियाणा की जनता को अवगत करा रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता चाहती है ह्यहरियाणा के लाल, अरविंद केजरीवालह्व हरियाणा में आए और दिल्ली-पंजाब जैसी व्यवस्था हरियाणा में बने ताकि हरियाणा में भी अच्छे स्कूल-कॉलेज, अच्छे मोहल्ला क्लीनिक और अच्छे अस्पताल हों। हरियाणा की जनता चाहती है कि दिल्ली की तरह मुफ्त बिजली और पानी मिले, हरियाणा के शहीदों को समान राशि मिले, हरियाणा के युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के रोजगार मिले, किसानों को फसल खराबी पर

फसल काटने से पहले मुआवजा उनके बैंक के खाते में आए, मजदूर को भी मिनिमम वेतन 19 हजार रुपए से ऊपर मिले और व्यापारी भी बिना भय के अपने

व्यापार को चला सके। इन्ही सब उद्देश्यों को लेकर हरियाणा में बदलाव यात्रा निकाली जा रही है।

# 'यात्रा के तहत अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है'

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल** । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को नारनौल खंड के गांव कुतबापुर व बड़कोदा, नांगल चौधरी खंड के गांव नांगल कालिया व धौलेड़ा, कनीना खंड के गांव भालखी व बेवल तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव जासावास व देवनगर में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव बेवल में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं गांव नांगल कालिया व धौलेड़ा में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, कुतबापुर में प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भिवानी मनीष मित्तल, बड़कोदा में सह-संयोजक प्रदीप गौड़, भालखी में पशुपालन विभाग से उपनिदेशक डा. नसीब सिंह, गांव जासावास व देवनगर में समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा मुख्यअतिथि के तौर पर मौजूद थे। विधायक सीताराम यादव ने कहा कि विकसित भारत यात्रा के तहत अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का स्वप्न साकार करने के लिए हम सब कंधे से कंधा मिलाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आमजन को जन कल्याणकारी नीति बनाकर लाभ दिया है। ग्राम दर्शन पोर्टल से गांव का विकास हो रहा है। अंतोदय मेले से गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज भारत विकसित जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत गरीब से गरीब अंतिम आदमी तक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# शास्त्रों के अनुसार गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, सच्चे मन से की गई गौ सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती: प्रो: रामबिलास शर्मा

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल। हमारे** शास्त्रों के अनुसार गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, सच्चे मन से की गई गौ सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। उक्त बातें हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने बुधवार को अपने पुत्र गौतम शर्मा के जन्म दिवस पर श्री श्याम विकलांग गौशाला सतनाली में एंबुलेंस गाड़ी भेंट करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

श्री शर्मा ने कहा कि ऋषि मुनियों





के देश भारत में गौ माता को सबसे सर्वश्रेष्ठ माना गया है जिस घर में गौ माता अमन चैन व सुखी की सांस लेती है वहां साक्षात रूप में देवता निवास करते हैं। गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है।

श्री शर्मा ने महेंद्रगढ़ की 11 गौशालाओं में 11,11 हजार रुपए भी अपने निजी कोष से अनुदान देते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे भी अपने किसी निजी उत्सव जन्मदिन, शादी या अन्य कार्यक्रम के अवसर पर गौशालाओं में अपने सामर्थ अनुसार दान करें।

इस मौके पर युवा भाजपा नेता गौतम शर्मा ने कहा कि अगर विश्व में समृद्धि और शांति की स्थापना करनी है तो लोगों को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए युवाओं को गौ सेवा को एक मुहिम बना लेना चाहिए ताकि उनका जीवन सार्थक हो सके।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प ले कि घर में एक गाय रखेंगे तथा उसकी सेवा करेंगे। गौतम शर्मा ने कहा कि वह नियमित अपने दिनचर्या में से समय निकालकर गौ सेवा जरूर करते हैं उन्हें गौ सेवा करने का अवसर अपने माता-पिता के संस्कारों से मिला उनके पिता राजनीतिक के कितने भी बड़े मुकान पर रहे हो गायों के लिए प्रातः जरूर समय निकालकर सेवा करते रहे हैं वे भी उन्ही का अनुसरण कर रहे हैं।

गौतम शर्मा ने अपना जन्मदिन गौशालाओं में गायों को गुड़ खिलाकर व युवाओं के साथ मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने गौतम शर्मा से मिलकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।




पंजाब में किसानों को
गन्ने के लिए मिलेंगे

₹ 391 प्रति क्विंटल

नेक नीयत, ईमानदार सरकार



भगवंत सिंह मान
मुख्य मंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 340 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 400 रुपये लूटने के लिए चाकू से गोदा, हुई मौत, दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वेलकम थाने के पास चाकू से ताबड़तोड़ वार कर विजय नाम के युवक की हत्या की गुत्थी को उत्तर पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने सुलझा लिया है। महज चार सौ रुपये के खातिर दो बदमाशों ने युवक की हत्या की थी। पकड़े गए बदमाशों की पहचान जनता कॉलोनी निवासी शहजाद और ताहिर के रूप में हुई है। बदमाशों के पास से लूट का मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा बरामद किया है। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि सुबह 7:55 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वेस्ट गोरखपार्क स्थित समुदाय भवन के पास एक शव रजाई से ढका हुआ पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शरीर पर चार जगह चाकू के निशान थे। शव के पास से ऐसा कोई कागजात बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके।
**उसके माता-पिता की पहले ही हो गई थी मौत**
वेलकम थाना पुलिस ने हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज की। बाद में मृतक की पहचान सीलमपुर निवासी विजय के रूप में हुई। पुलिस उसके घर पहुंची तो पता चला कि उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो गई है। परिवार में पत्नी और तीन बहनें हैं। वह बेरोजगार था। बहनों से ही रुपये लेकर अपना गुजारा चला रहा था। जांच के लिए एसीपी ऑपरेशन राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज राहुल अधिकारी और अन्य की टीम बनाई गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गए। एक फुटेज में सोमवार रात 11:29 बजे संदिग्ध ई-रिक्शा दिखाई दिया। पुलिस ने रिक्शा चालक की पहचान शहजाद के रूप में की और उसे जनता कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्होंने विजय को सीलमपुर से रिक्शे में बैठाया था और वेस्ट गोरखपार्क ले जाकर उसके साथ लूटपाट करने लगे। उसने विरोध किया तो उसे रिक्शे से बाहर निकाला और उसपर चाकू से वार कर दिए।

# दिल्ली में घटता प्रदूषण... सांसों को मिलती राहत

## = एक्यूआई हुआ 279, शुक्रवार तक हवा हो सकती है बेहद खराब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में बढ़ती सर्दी के बीच प्रदूषण का स्तर कम होता दिख रहा है। लेकिन अभी भी लोगों को खराब हवा से राहत नहीं मिली है। रीयल टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों की हवा अब भी खराब है।
अभी भी एक्यूआई ऊपर नीचे हो रहा है। बुधवार को सोनिया विहार इलाके में 279 एक्यूआई दर्ज हुआ है। जो सबसे ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ अलीपुर में 261, बवाना में 229, वजीरपुर में 221, आनंद विहार में 229, पंजाबी बाग में 198, द्वारका में 181, नोएडा में 163, गाजियाबाद में 176 एक्यूआई दर्ज हुआ है।
**दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को इतना रहा एक्यूआई:** मौसम में बदलाव और हवा की गति बदलने से प्रदूषण खराब श्रेणी में पहुंच गया है। हालांकि, पांच इलाकों में हवा बेहद खराब और एक में मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई।
एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है। मंगलवार को सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला। हवा की गति कम होने से शुक्रवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है।





**आज ऐसा रहेगा प्रदूषण का हाल:** भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान गति 12 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान गति 6 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने के आसार हैं। सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा खराब श्रेणी में बनी रहेगी।
**पांच इलाकों में एक्यूआई 300 पार:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को पांच इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें नेहरू नगर में सबसे अधिक सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 328 रहा। एनएसआईटी द्वारका में 314, मुंडका में 305, जहांगीरपुरी में 312 सूचकांक दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी है।
**साथ ही, 24 इलाकों में हवा खराब** श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें पूसा में 280, मथुरा रोड में 285, लोधी रोड में 231, आईटीओ 293 व डीटीयू में 267 सूचकांक दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 286, गुरुग्राम में 186, नोएडा में 206, गाजियाबाद में 204 व फरीदाबाद में 206 एक्यूआई दर्ज किया गया।

**राहत की सांस**

8 वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है। मंगलवार को सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला।

## दिल्ली मेट्रो में साड़ी और जैकेट फंसने से हुई थी महिला की मौत...

### अब डीएमआरसी देगी 15 लाख का मुआवजा, बच्चों को भी पढ़ाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार को मेट्रो ट्रेन में साड़ी व जैकेट फंसने से एक महिला की मौत हो गई थी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने मृतक के स्वजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त मानवीय आधार पर उनके बच्चों को 10 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशी दी जाएगी। बच्चों की शिक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा।



**14 दिसंबर को हुई थी घटना:** 14 दिसंबर को रीना अपने छह वर्षीय बेटे के साथ भांजे की शादी में शामिल होने मेरठ जा रही थीं। उन्होंने नांगलोई मेट्रो स्टेशन से ग्रीन लाइन की मेट्रो पकड़ी थी। इंद्रलोक स्टेशन पर मेट्रो बदलकर रेड लाइन की मेट्रो सवार हुईं, लेकिन उनका बेटा पीछे छूट गया था। बेटे के लिए दोबारा ट्रेन से बाहर उतरने के दौरान उनकी साड़ी, जैकेट मेट्रो के दरवाजे में फंस गया। उनके स्वजनों का कहना है कि उनके कंधे में एक भारी भरकम बैग था।
**मेट्रो ट्रैक पर गिरने से आई गंभीर चोट:** बैग भी दरवाजे में फंस गया था। इस बीच मेट्रो चल पड़ी। इससे वह काफी दूर तक मेट्रो के साथ घिसटती रहीं। प्लेटफॉर्म से मेट्रो ट्रेन के आगे निकलने के बाद प्लेटफॉर्म पर लगे गेट से टकराकर वह मेट्रो के ट्रैक पर गिर गई थीं जिससे उन्हें गंभीर चोट आई थी। 16 दिसंबर को उनकी सफदरजंग अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) इस घटना की जांच कर रहे हैं।
**महिला के पति की पहले ही हो चुकी है मौत:** महिला के पति की पहले मौत हो गई थी। वह टमाटर की रेहड़ी लगाकर अपने दो नाबालिग बच्चों का भरण पोषण कर रही थीं। केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने डीएमआरसी को बच्चों की देखभाल और शिक्षा दिल्ली मेट्रो प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल का कहना है कि मेट्रो रेलवे (दावे की प्रक्रिया) नियम, 2017 के प्रविधानों के अनुसार, मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।
**दोनों बच्चे है नाबालिग:** इसके साथ बच्चों को मानवीय सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जाएगी। दोनों बच्चे नाबालिग हैं, इसलिए, डीएमआरसी वर्तमान में कानूनी उत्तराधिकारी को राशि सौंपने के कानूनी तौर-तरीकों को सुलझाने में लगा हुआ है। दोनों बच्चों की पढ़ाई का भी ख्याल रखेगी। सभी आवश्यकताओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए मामले को देखने के लिए डीएमआरसी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम को तैनात किया गया है।

## जैकलीन फर्नांडिज को 'लव लेटर' नहीं लिख पाएंगे चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची। अभिनेत्री ने सुकेश चंद्रशेखर को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पत्र, संदेश या बयान जारी करने से रोकने के निर्देश देने की मांग की। बॉलीवुड अभिनेत्री ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि सुकेश चंद्रशेखर लगातार पत्र के माध्यम से परेशान कर रहे हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सामने आए ये पत्र उनके लिए चिंताजनक और परेशान करने वाला माहौल बनाते हैं। बता दें कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्र शेखर ने अभिनेत्री जैकलीन को कई बार लव लेटर लिख चुके हैं। सुकेश ने हाल ही में थैंक्सगिविंग और क्रिसमस के मौके लेटर लिखा है।



सुकेश ने इस लेटर में लिखा बेबी, सबसे पहले तो बता दूं कि मैं तुम्हारे लिए बेहद खुश हूं कि तुम्हें एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में योगदान के लिए डिस्टिंक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवार्ड्स 2023 में सम्मानित किया गया। इसके अलावा सितंबर महीने में लिखे एक पत्र में सुकेश की तरफ से दावा किया गया कि वह बेंगलुरु में कुत्ते, बिल्लियों और घोड़ों के लिए एक विश्व स्तरीय सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करा रहा है। यह अस्पताल 25 हजार वर्ग फुट में फैला है और इसका बजट 25 करोड़ रुपये है। सुकेश ने पत्र में कहा कि वह यह सुविधा जैकलीन फर्नांडिज के लिए बना रहा है। जानवरों के लिए कुछ करने के जैकलीन के सपने को पूरा करने के लिए ऐसा कर रहा है।

## 90 लाख की डकैती का खुलासा, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दरियागंज और स्पेशल विंग की ज्वाइंट टीम ने बागपत से दिल्ली में आकर 90 लाख की डकैती के मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य सातवां आरोपित नाबालिग है। पुलिस ने इनके पास से 76 लाख रुपये भी बरामद किया है। दरअसल, दरियागंज इलाके में इसी 13 दिसंबर की रात 90 लाख की डकैती गन प्वाइंट पर हुई थी। सात लुटेरों ने जिसमें एक बिजनेसमैन के यहां इस वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी संजय सेन के अनुसार सेंट्रल दिल्ली की ज्वाइंट टीम ने इस मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

## ईपीएफओ का डेटा जारीः नौकरी चाहने वाले युवाओं व महिलाओं की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को ईपीएफओ का डेटा जारी किया है, जिसके मुताबिक अक्टूबर 2022-23 के दौरान लगभग 7.72 लाख नए सदस्य ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा कवरेज के तहत आए हैं। इसमें नए युवा, महिलाओं के अलावा वे लोग भी शामिल हैं, जो ईपीएफओ से बाहर चले गए लेकिन अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने की बजाय ईपीएफओ के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों से जुड़कर नौकरी करने लगे। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इनमें शामिल नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग के 58.60 प्रतिशत और महिला सदस्यों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। ईपीएफओ से बाहर गए 11.10 लाख सदस्य दोबारा से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली है।

## संसद की सुरक्षा में सेंधमारी का साजिशकर्ता कौन...


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपितों के मोबाइल फोन बरामद न होने पर साजिशकर्ताओं के बारे में पता लगाना दिल्ली पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिस तरह की साजिश रचकर आरोपित संसद के अंदर घुसकर वारदात को अंजाम देने में सफल हो गए।
**साजिश के पीछे बड़े चेहरे की आशंका:** उससे जांच एजेंसियों को आशंका है कि इनके पीछे कुछ बड़े चेहरे हैं जिन्होंने बड़े स्तर पर साजिश रचकर गिरफ्तार आरोपितों के जरिए वारदात को अंजाम दिलाया है। आरोपितों के मोबाइल बरामद न होने पर दिल्ली पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों को साजिशकर्ताओं के बारे में पता लगाना काफी मुश्किल हो रहा है। स्पेशल सेल का कहना है कि आरोपितों के मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी मिलने पर उनके कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाल यह तो पता लगा लिया गया है कि इनकी किन-किन लोगों से बातचीत हुई थी। किन लोगों के संपर्क में ये लोग अधिक समय से थे और किनसे कम बात हुई थी। सभी आरोपित पिछले कुछ दिनों के दौरान कहां-कहां गए उनके लोकेशन का भी पता लगा लिया गया है, लेकिन मोबाइल न मिलने से यह पता लगाना मुश्किल हो रहा है कि चैटिंग के जरिये इनकी किन-किन लोगों से क्या बातें हुई थी।



**जांच एजेंसी को नहीं मिला कोई अहम सबूत:** मोबाइल मिल जाने पर इनके द्वारा डिलीट किए गए चैट व अन्य डेटा को रिट्रीट कराया जा सकता था जिससे साजिशकर्ताओं के बारे में पता लग सकता था। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित सागर शर्मा, मनोरंजन गौड़, नीलम झा, अमोल शिंदे, ललित झा व महेश कुमावत के घरों व अन्य सभी ठिकानों पर छापेमारी कर गहन तलाशी ली जा चुकी है, लेकिन जांच एजेंसी को कोई अहम सुबूत बरामद नहीं हो सका, जिसकी जांच करने से साजिशकर्ताओं के बारे में पता लग सके। सभी के रिमांड की अवधि अब समाप्त होने पर है। ऐसे में सुबूत इकट्ठा करने के लिए स्पेशल सेल दोबारा सभी को रिमांड पर लेने पर विचार कर रही है। हो सकता है कि कोर्ट दोबारा स्पेशल सेल को आरोपितों की रिमांड न भी दें, क्योंकि सात दिनों के दौरान पुलिस जब आरोपितों के घरों व अन्य ठिकानों से कोई महत्वपूर्ण सुबूत बरामद नहीं कर सकी है।

**जांच**

8 मोबाइल बरामद न होने पर दिल्ली पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों को साजिशकर्ताओं के बारे में पता लगाना काफी मुश्किल हो रहा है।

# उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाना निंदनीय: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर तीखी टिप्पणी की है। गृह मंत्री विज ने बुधवार एक्स पर पोस्ट किया कि ह्लभारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का ममता बनर्जी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा मजाक उड़ाना निंदनीय है। कल्याण बनर्जी को संसद से बर्खास्त कर किसी चिड़ियाघर में भर्ती करवा देना चाहिए। वहीं, पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि उपराष्ट्रपति जी का जिस प्रकार सांसद कल्याण बनर्जी ने मजाक उड़ाकर अपमान किया वह निंदनीय है, उनकी राज्यसभा सदस्यता खत्म कर उन्हें किसी चिड़ियाघर में भर्ती करा देना चाहिए।

दरअसल, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की थी, दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे।

**संसद व्यवधान पैदा करने के लिए नहीं बनाई: विज** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान कि जब सांसदों को निलंबित ही करना था, तो फिर नई संसद क्या बनवाने पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नई संसद आराम से अपनी बात रखने के लिए बनाई गई है। आपको संसद में अपनी बात रखने के लिए भेजा जाता है न कि वहां जाकर व्यवधान पैदा करने के लिए।

**गृह मंत्री बोले अच्छी बात है पाकिस्तान को समझ में आ रहा है:** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री के बयान कि पाकिस्तान की बदतर हालत के लिए भारत जिम्मेदार नहीं



है, बल्कि हमने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा अगर पाकिस्तान को समझ आ रहा है तो बहुत अच्छी बात है, वरना वक्त तो बड़े-बड़े को बहुत कुछ सिखा देता है। वहीं, क्ठउक्र की बैठक में मल्ल्काजुर्न खड्गे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया गया, मगर केजरीवाल के अलावा किसी अन्य ने समर्थन नहीं करने के सवाल पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि सूचना यहीं आ रही है कि खड्गे का नाम प्रस्तावित किया गया और राहुल गांधी को रिजेक्ट कर दिया गया है।

**संसद व विधानसभा लोगों की बात कहने के लिए है, न कि दंगा करने के लिए : अनिल विज**
कई सांसदों के निलंबन पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि संसद और विधानसभा बनती है लोगों की बात कहने के लिए न कि वहां जाकर दंगा करने के लिए। बातचीत के लिए सांसदों को बुलाया गया मगर, वह बातचीत के लिए भी नहीं आ रहे। इनका मकसद हर सत्र में जाकर संसद के कार्य को रोकना है। वहीं, रणदीप सुरजेवाला के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि विरोध जताने के कई तरीके है, मगर लोकसभा में कूद जाना छोटा नहीं है, यह बड़ा मामला है और इसके पीछे बड़ी ताकत है। यह लोग देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले के प्रति हमदर्दी जता रहे हैं, इन्हें शर्म आनी चाहिए।

**विधानसभा में यदि किसी को बोलना ही न आए तो उसमें कुछ नहीं कर सकते: अनिल विज**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा द्वारा विधानसभा सत्र अल्प अवधि रखने के आरोपों पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जितना समय इस विधानसभा में विपक्षी सदस्यों को बोलने के लिए दिया जाता है, उतना आज से पहले किसी विधानसभा में नहीं हुआ।
वह छह बार के विधायक है और उन्हें थोड़ा बोलने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था।

# सरीना ने नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में जीता लड़कियों का एकल खिताब

## लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग में किया दमदार प्रदर्शन, युगल मुकाबले में पाया दूसरा स्थान, सरीना का किया गया स्वागत



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने जयपुर में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग में एकल खिताब जीतकर सोनीपत जिला व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सरीना ने युगल मुकाबले में भी बेहतर खेल दिखाकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया । विद्यालय में पहुंचने पर सरीना का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा आदि ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के सौजन्य से 11 से 18 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में सरीना ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में खिताब जितने में सफलता पाई, जबकि युगल मुकाबले में वह दूसरे स्थान पर रही । विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि सरीना बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। अपने आयु वर्ग में वह देश के टॉप टेनिस खिलाड़ियों में शुमार है। सरीना गहलोत ने इसी वर्ष हैदराबाद में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में भी लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग के एकल व युगल खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इसके अलावा टीडीआई सोनीपत व बिलबिलान में आयोजित चैंपियनशिप सीरीज टेनिस टूर्नामेंटों में भी सरीना गहलोत ने खिताबी जीत हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया था। उन्होंने भरोसा जताया कि सरीना आगे चलकर देश का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी । सीइओ संजय जैन ने कहा कि छठी कक्षा की छात्रा सरीना ने अपनी मेहनत की बदौलत एक मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस सफलता के लिए सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। सरीना के पिता कृष्ण गहलोत ने भी अपनी लाडली की सफलता पर बेहद प्रसन्नता जताई है ।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक चेक में कटिंग कर ज्यादा राशि निकलवाकर खाता धारक के साथ धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**समालखा/टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा पुलिस** ने गांव जौरासी खालसा निवासी युवक के साथ बैंक चेक में कटिंग कर खाते से ज्यादा राशि निकलवाकर हड़पने के मामले में नामजद आरोपी को मंगलवार देर शाम थाना के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रविंद्र निवासी जौरासी खास के रूप में हुई।

समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को गांव जौरासी खालसा निवासी नरेंद्र ने उसके साथ हुई धोखाधड़ी बारे शिकायत देकर बताया था कि उसने जौरासी सर्फ खास निवासी रविंद्र को समालखा स्थित पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच का एक चेक दिया था। उसने चेक पर 2.50 लाख रुपए राशि अंको में अंकित कर दिया था। रविंद्र ने जालस-ाजी करते हुए 30 अगस्त को चेक में कटिंग कर 2 की जगह 7 अंक अंकित कर व शब्दों में 7.50 लाख रुपए लिखकर खाते से निकलवा लिए। बैंक नियम के अनुसार कटिंग वाले चेक को खाता मालिक की अनुमति के बगैर पास नही किया जा सकता। बैंक द्वारा भी इस बारे फोन कर उससे अनुमति नही ली गई। उसने इस बारे बैंक मैनेजर को शिकायत दी तो वहा से बताया गया की चेक बैंक की महिला कर्मचारी पूनम द्वारा पास करवाकर खाते से राशि को निकलवाया गया है। उक्त बैंक कर्मी महिला पूनम परिवार के रिश्ते में रविंद्र की भाभी लगती है। रविंद्र ने बैंक कर्मी महिला पूनम के साथ मिलीभगत करके चेक में कटिंग कर उसके खाते से उक्त नगदी निकलवाकर धोखाधड़ी से हड़प ली। रविंद्र सरकारी स्कूल में अध्यापक है। शिकायत पर थाना समालखा में नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 406,420,468,471,120बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि प्रारंम्भिक पूछताछ में आरोपी रविंद्र ने चेक में कटिंग कर धोखाधड़ी से उक्त राशि निकलवाकर हड़पने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने बुधवार को आरोपी रविंद्र को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से हड़पी गई नगदी बरामद करने व वारदात में शामिल बैंककर्मी का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी।

### फेविकोल चैम्पियन क्लब ने किया राजकीय स्कूल में श्रमदान

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**गांव** अजीजुलपुर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल में आज फेविकोल चैम्पियन क्लब पानीपत के सदस्यों द्वारा श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के ठेकेदारों द्वारा स्कूल के बैंच, खिडकी व दरवाजों की रिपयेरिंग की गई। इनमें जो सामान लगा वह भी फेविकोल चैम्पियन क्लब की तरफ से लगाया गया। इस अवसर पर कंपनी की तरफ से सुलभ भाटिया, क्लब के सदस्य राजकुमार पांचाल, सूरज, अनमल शर्मा, निशांत शर्मा, इंतजार, तोहिद, अजय, कर्मबीर, सुखविंद्र सिंह,राहुल,रामलाल धीमान,श्यामलाल धीमान, हरदीप सिंह, मोहन लाल, जावेद शहनवाज, बलबीर सिंह, शईद अहमद,स.जयमल सिंह व किरपाल सिंह आदि ने स्वयं स्कूल में रिपेयरिंग का कार्य किया। वहीं स्कूल के मुख्याध्यापक रामकरण ने इस कार्य के लिए फेविकोल चैम्पियन क्लब पानीपत का धन्यवाद किया। वहीं आज क्लब के सदस्य स.जयमल का जन्मदिन भी स्कूल में ही धूमधाम से मनाया गया। केक काटा गया तथा सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा दीघार्यु की कामना की।

### राजकीय अन्ध विद्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन, जिसमे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राजकीय अन्ध** विद्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।मौके पर पी .सी. सी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाकर एवं नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। मौके पर राजीव परुथी ने कहा यह बहुत ही आश्चर्य जनक दृश्य था ,जो बच्चे देख नहीं सकते, जिस तरीके से उन्होंने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया वह बहुत ही काबिलियत तारीफ था। इस मौके पर राजीव परुथी ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं मौके पर मौजूद प्रधानाचार्य मनीष गर्ग जी ने राजीव परुथी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अम्बाला : सेक्टर-10 के स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राजीव** गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर 10 अम्बाला शहर में सुमन बाला महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी अम्बाला ग्रामीण 2 की अध्यक्षता मे महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें 18 से 30 वर्ष की बालिकाओं व 30 से 45 वर्ष की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे चाटी रेस, 100 मीटर रेस, आलू रेस, साईकिल रेस, 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस आदि खेल करवाये गए। इस प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला द्वारा सुपरवारईजर अनिता, रमा रानी, कोच व हैल्थ विभाग के अधिकारीयो की उपस्थिति



में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला, सुपरवाईजर अनिता रानी, रमा रानी, खेल विभाग से कोच, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अन्य सभी वर्करस भी उपस्थित रही व आंनदित रूप से कार्यक्रम का सफल बनाया गया।

# गाँव ददलाना की बाल्मीकि चौपाल में महेन्द्र कादियान का भव्य स्वागत



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**गांव ददलाना** मे महेन्द्र कादियान ने एक जन सभा को संबोधित करते हुए बताया की कांग्रेस की हुड्डा सरकार मे गरीबों के लिए कल्याण कारी योजनाए बनाई जाती थी । और अब की मौजदा सरकार अमीरों को ओर अमीर और गरीबों को ओर गरीब बनाने की योजनाए तैयार करती है ।

महेन्द्र कादियान ने आगे बोलते हुए बताया कि काँग्रेस मे नरेगा स्कीम , लाड़ली योजना , ओर इंदरा आवास योजना मे 100-100 गज के प्लॉट जैसी स्कीमे चलाई, जिससे हर गरीब को सीधा फायदा दिया गया। अब की मौजदा सरकार ने राशन कार्ड काट दिए, गाँव ओर कॉलॉनयों की गलियों ओर नालियों का बुरा हाल है ।

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण बनाएंगे देश को विकसित भारत : संजय छौक्कर

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला** परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने बुधवार को गांव महावटी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। समाज के कमजोर वर्ग को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सभी लोगों तक सभी



प्रकार की जानकारियों को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त कृषि कार्य में आधुनिकीकरण किया जाए, इसके लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएं तैयार कर किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को योग्यतानुसार ऋण देकर लघु उद्योग स्थापित करने का मौके प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

# वीरवार को विशेष नक्षत्र में होगा लक्ष्मी पूजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** नगर की अग्रणी संस्था श्री श्याम महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा हर दो वर्ष में आयोजित होने वाले भव्य श्री श्याम महायज्ञ का बुधवार को शुभारंभ किया गया। महायज्ञ के प्रथम दिन हवन के प्रधान यजमान राजकुमार गर्ग व ललिता गर्ग ने आहुति डालकर यज्ञ का आगाज किया तथा नीरज बंसल व बबिता बंसल, वीरसैन शर्मा व पवित्रा देवी, पुरूषोतम मल शर्मा व कांता शर्मा, सुशील शर्मा व सरोज शर्मा, शमशेर कौथल व संयोगिता यादव, त्रिलोक शर्मा व सुदेश शर्मा, संजय गर्ग व सुनंदा गर्ग तथा कृष्ण अग्रवाल व रंजना अग्रवाल मुख्य यजमान रहे। संस्था सचिव दिनेश भार्गव ने बताया कि हैदराबाद से पधारे आचार्य पुरुषोत्तम शास्त्री द्वारा एक विशेष नक्षत्र मुहूर्त में महालक्ष्मी की विशेष पूजन अर्चना वीरवार शाम को होगी।

# एससी-एसटी एक्ट को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने अपने कार्यालय में चिन्हित अपराध, एससी-एसटी एक्ट व एक्वीटल केसों के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए समीक्षा की। उपायुक्त ने बैठक के दौरान चिन्हित अपराध के विषय के तहत जिला न्यायवादी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों से एजेन्डे में रखे केसों के तहत बिन्दूवार जानकारी हासिल की। उन्होंने सम्बधिंत केसों की समीक्षा करते हुए उसकी प्रगति जानी और बेहतर समन्वय के साथ इन केसों के निपटान में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके



पर जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ठ ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि हिनीईस केसो(गंभीर अपराधो) के तहत तीन केस अंतिम प्रक्रिया में है तथा इन केसो में जल्द ही सुनवाई हो जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने एससी-एसटी केसों के बारे में भी जानकारी लेते हुए कितने केस न्यायालय प्रक्रिया के दौरान विचाराधीन और कौनसी स्टेज पर हैं, इस बारे जाना। जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ठ ने एंजेडे में रखे केसों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सभी केसों में कानूनी प्रक्रिया जारी है, बेहतर समन्वय के साथ इन केसों में तेजी लाते हुए इनका निपटान किया जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी से एससी-एसटी केसो के तहत ऐसा कोई केस तो लंबित नहीं है कि जिसमें प्रार्थी को नियमानुसार मुआवजा न मिल सका हो। संबधित अधिकारी ने बताया कि एंजैटें में रखे केसों के तहत सभी केसों में मुआवजा राशि उपलब्ध करवाई गई है, एक केस में मुख्यालय से संबधित केस के प्रार्थी के परिजनों को मुआवजा देने बारे पत्राचार किया हुआ है। जैसे ही विभाग दवारा स्वीकृति दे दी जाएगी मुआवजा राशि संबधित को उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाया : लोकेश



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत कवी व नारा गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनो कार्यक्रमों में मुख्यअतिथि नगर पार्षद लोकेश नागरू रहे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सम्मान शहीदों के परिजनों को मोदी सरकार ने दिलाया है इससे पूर्व किसी भी सरकार ने नहीं दिलाया। उनके नेतृत्व में देश मजबूत बना है और ऊंचाइयों को छू रहा है। देश की महिलाओ को उज्वाला जैसी योजना का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों को नल से जल की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के अब तक के कार्यकाल के दौरान किस योजना का कितना लाभ लोगो को मिला है इसकी जानकारी लेने के लिए आया हूं ताकि पूरी जानकारी हासिल कर बचे कार्यों को करवाया जा सकें। जन संवाद में उन्होंने अंतिम समय तक लोगों की एक-एक समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना व समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने विकसित भारत की संकल्प शपथ दिलाई।

नगर पार्षद ने कहा कि प्रदेश मे मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के उत्थान को लेकर योजनाएं बनाई है जिनका हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने अनेक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का भी बड़े स्तर पर लोगों को लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक राजेश जागलान ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाया है। अब प्रदेश में नौकरिया मेरिट के आधार पर मिलती है। कार्यक्रम में गांव के पूर्व सैनिकों, खिलाडि?ों, उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सामने ड्रोन उड़ाकर उसके बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, तहसीलदार अजय कुमार सैनी, बीईओ मनीष गुप्ता, बीजेपी के जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बलविंदर आर्य, रोशन लाल म्हला, टेकराम मराठा, सुरेन्द्र आर्य, सरपंच बृजपाल, सरपंच रणबीर आदि मौजूद रहे।

# पानीपत : नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यालय में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भापुसे साहब और अनिल कुमार साहब के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के दिशानिदेशों से प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न संस्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।



आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझा में एक दिवसीय 49 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 748 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ वातार्लाप के माध्यम से तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वाद-विवाद के रूप में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, साइबर अपराध से बचने के उपाय और सबसे महत्वपूर्ण नशा जीवन की करता दुर्दशा पर चर्चा की और सिद्ध किया कि एक जागरूक नागरिक के लिए इन तीनों महत्वपूर्ण बातों को लेकर जागरूक होना अति आवश्यक है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि भारत में प्रति वर्ष साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें 5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और लगभग 1 लाख 50 हजार लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के 1000 युवा सड़क दुर्घटना में मरते हैं।

# सरकार सब्जी मंडी के आढती भाइयों की जो जायज मांगे हैं उनको पूरा करें : मलिक

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अनाज** मंडी एसोसिएशन उप प्रधान एवं जिला पानीपत अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान धर्मवीर मलिक ने सरकार को चेताया कि जो सब्जी मंडी के आढती भाई अपनी मांगों को लेकर के सब्जी मंडी की हड़ताल कर रहे हैं। सरकार सब्जी मंडी के आढती भाइयों की जो जायज मांगे हैं उनको पूरा करे। क्योंकि इससे किसान मजदूर ,ग्राहक दुखी है। और यही सब्जी मंडी रोजाना की जरूरत का समान है।

अगर सरकार सब्जी मंडी के आढती भाइयों की मांगों को नहीं मानती है तो हरियाणा की अनाज मंडियों के आढती भाई एवं किसान भाई एवं मजदूर भाई भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और आने वाले समय में कोई बड़ा फैसला लेंगे। सरकार को किसानों के लिए जिस तरह के कानून सरकार बना रही है उससे किसान की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। हर चीज में तो पोर्टल को लागू किया हुआ है। उसके बाद हर रोज नए-नए नियम लागू करके किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। जिस भी सरकार ने किसानों व्यापारियों एवं मजदूरों के हक को छिन्ना है वह सरकार कभी भी राज नहीं कर पाई।

# आयुष विवि द्वारा शिक्षा कुंभ में नाड़ी, शारीरिक प्रकृति एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैंप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र में बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी रोल ऑफ अकेडमिक ड्राईव स्टार्टपस इन इकोनोमिक रेश 2023 शिक्षा कुंभ में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की ओर से नाड़ी परीक्षण, शारीरिक प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में आने वाले व्यक्तियों की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नाड़ी की जांच की गई, शारीरिक प्रकृति का परीक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दिनचर्या अनुसार कैसा आहार लेना चाहिए इसकी भी जानकारी संगोष्ठी के प्रतिभागियों एवं



जनसामान्य को दी गई। कैंप का शुभारंभ कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव नरेश भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में वैद्यों द्वारा नाड़ी परीक्षा की जाती रही है। आधुनिक परिपेक्षय में नाड़ी तरंगणी यंत्र के द्वारा वैद्यों की उस प्रचलित परंपरा को जन समान्य के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा और अधिक सुलभ बना दिया गया है। इस यंत्र से बड़ी सुगमता के साथ न केवल नाड़ी द्वारा दोषों की स्थिति का ज्ञान अपितु उन की प्रकृति एवं बल, अग्नि आदि का भी ज्ञान मिलता है। इसके साथ ही यंत्र द्वारा की गई परीक्षा का एक लिखित प्रारूप व्यक्ति के पास रहता है, जिस की मदद से वह कहीं अन्य स्थान पर भी अपनी नाड़ी परीक्षा करवा कर हो रहे शारीरिक व मानसिक बदलावों की जानकारी समय-समय पर प्राप्त कर सकता है। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत केंद्रिय आयुर्वेदिय विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा निर्मित स्वास्थय परीक्षण स्केल द्वारा केंप में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई है। जिसका उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य को जांच कर व उनके स्वास्थ्य को सुधारने के लिए किन-किन बिन्दुओं पर काम करने की जरूरत है इसका अध्ययन किया जाता है। आज के परिपेक्षय में सरकार द्वारा बीमारियों पर किये जाने वाले खर्चे को कम करने के लिए लोगों के स्वास्थ्य को समय पर जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाया जा सके, यही इस कैंप का उद्देश्य है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि नाड़ी परीक्षण, शारीरिक प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं जन-सामान्य के लिए अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# एकमुश्त मार्केट फीस वसूली के खिलाफ सब्जी मंडी आढ़तियों ने हड़ताल कर जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
बुधवार को प्रदेश व्यापी सब्जी मंडी आढ़तियों की हड़ताल का असर समालखा में भी देखा गया। प्रदेश सरकार के सब्जी मंडी आढ़तियों से साल में एक मुस्त मार्केट फीस वसूली के तुगलकी आदेश के खिलाफ समालखा सब्जी मंडी के आढ़तियों ने भी पूर्णतया हड़ताल रखी। समालखा न्यू सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान संजय बैनिवाल के नेतृत्व में सब्जी मंडी के बाहर अल सुबह से सभी आढ़तियों ने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रधान संजय बैनीवाल ने
एक मुस्त मार्केट फीस वसूली के कानून को काला कानून बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की अपील की। संजय बैनिवाल ने चेतावनी



दी है कि सरकार ने मार्केट फीस में की गई बढ़ोतरी व एकमुश्त वसूली का फैसला वापस नहीं लिया तो आढ़ती सड़कों पर उतर कर अनिश्चिकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे। वही आढ़ती सोमबीर, रामदिया, मनजीत देशवाल, अशोक,रिंकू, बलबीर, कर्मबीर, कुलदीप, राजकुमार, हंसराज,राजू, प्रवीण, इस्लाम, हरपाल व सोनू आदि ने सरकार के आढ़ती विरोधी नियम के खिलाफ रोष जाहिर किया। वही हड़ताल की जानकारी न होने के कारण जमीदार अपनी सब्जीयों को लेकर मंडी में पहुंचे तो आढ़तियों ने उन्होंने वापस लौटा दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### टीबीओ डॉट कॉम और जंबो टूर्स ग्रुप ने समझौते पर हस्ताक्षर किए

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
टीबीओ टेक लिमिटेड (टीबीओ) ने घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी ने जंबोनलाइन अकॉमोडेशंस एंड सर्विसेज एस.एल.यू. की 100 फीसदी शेयर होल्डिंग हासिल कर ली है। इस कंपनी को जंबो टूर्स ग्रुप से एक ऑनलाइन व्यवसाय के रूप में अलग कर दिया गया है। इस अधिग्रहण के साथ, टीबीओ का इरादा यूरोप में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाने का है। जंबो टूर्स ग्रुप सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय पर्यटन ऑपरेटरों में से एक है जो दुनिया भर में पर्यटन ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंसियों को अनेक प्रकार की सेवाएं और उत्पाद पेश करता है। जंबोनलाइन व्यवसाय एक ही प्लेटफॉर्म पर होलसेलर्स और टूर ऑपरेटरों के लिए व्यापक प्रॉडक्ट उपलब्ध कराता है। एडवांस्ड एपीआई सॉल्यूशंस के जरिये 120,000 से अधिक होटलों तक पहुंच हासिल की जा सकती है, जिसमें 15,000 होटल सीधे अनबीटेबल रेस्पॉन्स टाइम से अनुबंधित होते हैं। इस व्यवसाय के साथ-साथ दो अन्य ब्रांड हैं- जंबोबेड्स, ट्रैवल एजेंसियों के लिए अग्रणी ऑनलाइन होलसेलर और जंबोट्रांसफर्स जो अच्छी कीमतों पर परिवहन सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं।
टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी के को-फाउंडर और डायरेक्टर गौरव भटनागर ने कहा, ह्यह्ययह अधिग्रहण हमें न केवल जंबो के ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करेगा, बल्कि यूरोप के प्रमुख स्थलों से लेकर कैरेबियन तक क्वालिटी कॉन्टेंट तक पहुंच प्रदान करेगा। हम वैश्विक यात्रा को सरल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहकर अपने ग्लोबल फुटप्रिंट का विस्तार करना जारी रख रहे हैं।
जंबो टूर्स ग्रुप के सीईओ गिनेस मार्टिनेज ने कहा, ह्यह्यहम इस साझेदारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं और दुनिया भर में, विशेष रूप से मध्य पूर्व और एपीएसी में ट्रैवल डिस्ट्रीब्यूशन में टीबीओ की ताकत का लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं। उनकी तकनीक, प्रतिभा और विकास बहुत प्रभावशाली रहा है, और हम टीबीओ परिवार का हिस्सा बनकर खुश हैं।
एल्पिटूर वर्ल्ड के प्रेसिडेंट और सीईओ गेब्रियल बर्गियो ने टिप्पणी की है, ह्यह्यहमे मजबूती से यकीन है कि इस गठबंधन में भरपूर संभावनाएं हैं। टीबीओ टैक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण भागीदार है और ऑनलाइन व्यवसाय में इसे विशेषज्ञता हासिल है, जबकि जंबो टूर्स ग्रुप ऑपरेशंस, कॉन्ट्रेक्टिंग और डेस्टिनेशंस के बारे में लोकल जानकारी उपलब्ध कराता है। हमें यकीन है कि दोनों पक्षों को इस संयुक्त प्रोजेक्ट से सबसे अधिक लाभ मिलेगा।
यह महत्वपूर्ण कदम उन विकास योजनाओं को दशार्ता है जो टीबीओ ने विश्व स्तर पर स्थापित की हैं। यात्रा से संबंधित ईकोसिस्टम को सरल और सशक्त बनाने की दिशा में टीबीओ लगातार प्रयास कर रहा है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए समान साझेदारियों के साथ कंपनी निवेश प्रक्रिया को भी आगे बढ़ा रही है।

### वी ने गेमलोफ्ट के साथ की सामरिक साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने यूजर्स को वी गेम्स एवं वी ऐप के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों जैसे एक्शन, एडवेंचर, स्पोर्ट्स, रेसिंग आदि में हाइपर कैजुअल गेम्स की व्यापक रेंज का अनुभव प्रदान करने के लिए विश्वविख्यात मोबाइल वीडियो गेम डेवलपर गेमलोफ्ट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत वी के उपभोक्ता बिना किसी अतिरिक्त लागत के गेमलोफ्ट ओरिजिनल्स एवं अन्य लोकप्रिय गेम टाइटल्स जैसे डेंजर डैश, ब्लॉक ब्रेकर लिमिटेड, लुडी बबल्स, एल्फाल्ट रेट्रो आदि का अनुभव पा सकेंगे।
वी के उपभोक्ता वी ऐप पर वी गेम्स सेक्शन में इस गेमिंग बोनांजा का एक्सेस पा सकते हैं। वी गेम्स पर गेमलोफ्ट के विकल्प इस्तेमाल में बेहद आसान हैं।
ये आधुनिक एंटी-फ्रॉड डिटेक्शन और सिक्योरिटी समाधानों के साथ आते हैं गेमलोफ्ट के साथ वी की साझेदारी कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ गेमिंग के विकल्प लाने और मोबाइल गेमर्स को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह साझेदारी वी के उपभोक्ताओं को गेमिंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
उपभोक्ताओं के लिए यह पेशकश बिना किसी लागत के उपलब्ध है। वी ने आने वाले समय में गेमलोफ्ट की टूनार्मेन्ट उन्मुख सर्विस-एरिना को भी सब्सक्रिप्शन के आधार पर लॉन्च करने की योजना बनाई है।

# छापडा सलीमपुर के उमेश बने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के ओएसडी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल । गांव छापडा सलीमपुर के लाला हरद्वारी लाल के प्रपौत्र उमेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ओएसडी नियुक्त किया गया है।
उमेश अग्रवाल को ओएसडी बनाए जाने पर परिवार व इलाके में खुशी का माहौल है।
उमेश अग्रवाल के कजन ब्रदर हेमंत गोयल ने बताया कि उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा रायपुर से ली। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली आ गए। दिल्ली यूनिवर्सिटी में एलएलबी की।

# देवडू रोड के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को लेकर मेयर से की मुलाकात

**आपत्तियां**

**8 निर्माण कार्य शुरू होते ही स्थानीय निवासियों द्वारा निर्माण कार्य को लेकर कुछ आपत्तियां दर्ज कराई गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर के वार्ड नंबर 5 में कुछ दिन पूर्व देवडू रोड का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही स्थानीय निवासियों द्वारा निर्माण कार्य को लेकर कुछ आपत्तियां दर्ज कराई गई थी। इन सभी समस्याओं को लेकर बुधवार सुबह स्थानीय निगम पार्षद मुकेश सैनी नगर



निगम मेयर निखिल मदान से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर पी डब्ल्यू डी विभाग के कार्यकारी अभियंता पंकज गौड़, सहायक अभियंता रविन दत्ता,कनिष्ठ अभियंता नवनीत कुमार भी मौजूद रहे।
बैठक में स्थानीय निवासी राजकुमार सैनी ने बताया कि क्षेत्रवासी सड़क का निर्माण आर एम सी (सिमेंटेड कंक्रीट) से चाहते है, लेकिन विभाग द्वारा इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़क बनाने की तैयारी की जा रही है।साथ ही सड़क का लेवल तो ऊपर उठाया जा रहा है लेकिन बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर कोई स्तिथि स्पष्ट नहीं है।
बैठक में पी डब्ल्यू डी के कार्यकारी अभियंता पंकज गौड़ ने बताया कि उपरोक्त सड़क को नाबार्ड विभाग द्वारा मंजूर की गई ग्रांट से बनाया जा रहा है जिसमे विभागीय नियमों के तहत सड़क को सी सी (सिमेंटेड कंक्रीट) या बिटुमिनस (तारकोल ) से नही बनाया जा सकता। इसलिए सड़क को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पूरी गुणवत्ता के साथ बनाया जायेगा। बैठक में इस विषय पर सभी लोगों ने अपनी सहमति दर्ज कराई।
वहीं बरसाती पानी की निकासी को लेकर मेयर निखिल मदान ने लोगों को बताया कि देवडू रोड पर पानी निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन डाली जाएगी जिससे सड़क पर बरसाती पानी नहीं रुकेगा और लोगों को आवागमन में सुविधा रहेगी। इस स्टॉर्म वाटर लाइन को बिछाने का कार्य नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण से पूर्व कर लिया जायेगा। इस बाबत उन्होंने संबंधित अधिकारी को आदेश दे दिए हैं।
बैठक में कृष्ण कुमार राजेश, हंसराज,रामपाल, सुरजीत राठी, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार ,स्वरूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा कला परिषद के कलाकार दिखा रहे हरियाणवी संस्कृति की झलक, 48 कोस तीर्थों पर हुए कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रहमसरोवर के घाटों पर विभिन्न प्रदेशों के कलाकार अपनी संस्कृति का परिचय देते हुए प्रस्तुतियां दे रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा कला परिषद की ओर से 48 कोस भूमि में स्थित तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 17 दिसम्बर से प्रारम्भ हुए इन कार्यक्रमों में हरियाणा कला परिषद की ओर से अनुबंधित कलाकार हरियाणवी नृत्य, रागनी, भजन इत्यादि की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह रहे हैं। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा ने



दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हरियाणा कला परिषद द्वारा 100 से अधिक तीर्थ स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करवाई जा रही हैं।
जिसमें प्रदेश के लगभग 75 सांस्कृतिक दल अपनी कला को प्रदर्शित कर रहे हैं। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि 17 दिसम्बर को 48 कोस भूमि के अंतर्गत आने वाले जिले कुरुक्षेत्र, जींद, कैथल, करनाल तथा पानीपत के 32 तीर्थों पर 18 दिसम्बर को 10 तीर्थ, 19 दिसम्बर को 7तीर्थ तथा 20 दिसम्बर को 20 तीर्थों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति की बैठक 21 दिसंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति की मासिक बैठक 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे परिवहन मंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।
यह जानकारी उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 15 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे।

# 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में किया जा रहा है जिला स्तरीय गीता जयंती का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने गीता जयंती की तैयारियों को लेकर सुभाष स्टेडियम का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में जिला स्तरीय गीता जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस गीता महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी
और विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस दौरान उनके साथ एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम खरखौदा डॉ० अनमोल व सीटीएम पुजा कुमारी भी उपस्थित रही।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन व सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हर साल की तरह इस बार भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आयोजन 22-23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम सोनीपत में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सरकारी विभागों के साथ-साथ जिला की शिक्षण संस्थाएं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन भाग लेंगे। शुक्रवार 22 दिसंबर को सुबह दस बजे यज्ञ-हवन के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। गीता के मंत्रोच्चारण के साथ यह यज्ञ संपन्न किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। इस प्रदर्शनी में अक्षय ऊर्जा विभाग, शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरूग्राम, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा की स्टालें लगाई जाएंगी।
इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और आपसी तालमेल से गीता जयंती महोत्सव को सम्पन्न करवाने के लिए कहा।

# धरती से लेकर आसमान तक बेटियों ने पहचान बनाईः कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गुजरात के नाडियाड में 67वें नेशनल स्कूल गेम्स की तीरंदाजी प्रतियोगिता में गांव कामी से जन्नत पांचाल पुत्री सुनील पांचाल ने अंडर-17 में उम्दा प्रदर्शन कर दो सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। जन्नत 9वीं कक्षा की छात्रा है, वह पिछले कई साल से गेम में कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल कर रही है। बेटी की जीत पर गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। बुधवार को गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने



खिलाड़ी जन्नत को माला पहनाकर भव्य स्वागत कर उसे

जीत की बधाई दी और कहा कि आज जन्नत ने अपने माता-पिता का सर फक्र से ऊंचा कर दिया। उनका मानना है कि इसी तरह की मेहनत और समर्थन से जन्नत और भी ऊंचाइयों को छूने में सफल होगी।
कादियान ने कहा कि आज के समय में बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रही है। धरती से लेकर आसमान तक बेटियों ने अपनी पहचान बनाई है। ऐसे में जरूरी है कि प्रत्येक माता-पिता अपनी बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें। इस मौके पर बलराज सरपंच, सुरेंद्र, राजा, कृष्ण नैन चेयरमैन, डा. अशोक नैन, सतपाल नैन, राजवीर दांगी आदि मौजूद रहे।

# बाल सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक व सचेत करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बाल सुरक्षा और बाल संरक्षण सहित लैंगिक अपराधों के प्रति बच्चों को जागरूक करने और सचेत करने के लिए बुधवार को एसएम हिन्दू स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि हरियाणा राज्य बाल अधिकारी सरंक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने किया। इस कार्यशाला में बाल संरक्षण को लेकर विभिन्न स्कूलों की बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की गई और कार्यशाला में आए विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित बच्चों को जागरूक किया गया।
कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को



संबोधित करते हुए आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण करना आयोग का पहला उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही विशेष रूप से आयोग गठित किया गया है जो इस दिशा में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्यरत है। हमें मिल-जुलकर बाल अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। हम सबका दायित्व बनता है कि हम बच्चों को उनके अधिकारों की प्राप्ति सुनिश्चित करवायें।
हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने कहा कि किसी बच्चे के प्रति होने वाले अपराधों पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें और बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए संबंधित इकाइयों व विभागों को एकजुटता के साथ प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में बाल अधिकारों का हनन न होने दें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों की निरंतर काउंसिल करवाई जाए ताकि अगर किसी बच्चे के साथ कोई अपराध हो रहा है तो उसे तुरंत रोका जा सके।
आयोग सदस्य ने कहा कि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य पहलुओं पर निरंतर निगरानी रखने, रोजाना पोषण आहार के साथ इम्युनिटी बनाये रखने के लिए प्रतिपूरक आहार दिए जाने उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और मैडिटेशन करवाया जाने, बच्चों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को भविष्य में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर जोर देने के लिए प्रेरित करे। प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है केवल उसे निखारने की जरूरत होती है।
इस मौके पर जिला जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुड्डा व यूटी आरती बल्हारा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता शर्मा, सीडब्ल्यूसी मेंबर बबीता, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेन्द्र, एसएम हिन्दू की प्रिंसिपल किरण गुप्ता, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय से रविता, बबीता सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# समालखा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की सपथ

**कुलदीप सिंह समालखा**
**टीम एक्शन इंडिया/स्समालखा**
समालखा बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।
चुनाव अधिकारी हरीश रूहल व सुमनदीप ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों प्रधान सचिन छौक्कर,उप प्रधान रोहतश कुमार, सचिव मुकेश कहराणा,सह सचिव ईश्वर छौक्कर व कैशियर पंकज छौक्कर को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।
नव निर्वाचित प्रधान सचिन



छौक्कर को जब शपथ लेने के लिए मंच पर बुलाया गया तो सभी अधिवक्ताओं ने उनका तालियां बजाकर स्वागत किया वहीं छौक्कर ने सभी का प्रधान बनाने पर साथी वकीलों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हक के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिन-रात अधिवक्ताओं के हकों के लिए तैयार रहेंगे। बार परिसर में जितने भी विकास कार्य अधूरे पड़े है, उनको पूरा करवाया जाएगा।

आदर्श रसोई सप्ताह 38 वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने धूमधाम से मनाया विजय दिवस


## आदर्श रसोई में इंडियन नेवी के पूर्व सैनिक अनिल नागपाल रहे मुख्य अतिथि


















**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 38वें रविवारीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की शुरूआत की। अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला।

### आदर्श रसोई ने मनाया विजय दिवस

जैसा की सभी को मालूम है कि स्वाद के मामलें में आदर्श रसोई के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन मशहूर है, ठीक वैसे ही मेहमान नवाजी के लिए भी रसोई के चर्चे दूर-दूर होते है।
इसी कड़ी में इस बार राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने विजय दिवस मनाया। इस दौरान 1971 युद्ध में अपना विशेष योगदान देने वाले इंडियन नेवी के पूर्व सैनिक श्रीमान अनिल नागपाल को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।

### पूर्व सैनिक अनिल नागपाल ने रिबन काटकर बढ़ाई आदर्श रसोई की शान

रसोई में बतौर मुख्य मेहमान के तौर आए हुए इंडियन नेवी के पूर्व सैनिक अनिल नागपाल द्वारा आदर्श रसोई का विधिवत रूप से फीता काटा गया, और फिर आदर्श रसोई की टीम ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत व अभिनंदन किया।

### विजय दिवस के मौके पर काटा गया केक

बतादें की इस मौके पर श्री नागपाल द्वारा रसोई की तरफ से विशेष दिवस के उपलक्ष में केक



कटवाकर उनका मान बढ़ाया गया। इस विशेष अवसर पर श्री नागपाल ने 1971 के युद्ध में भारतीय सेना की विजय के बारे में विस्तार से वहां मौजूद लोगों को बताया कि किस तरह से भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### भूखे का पेट भरना देशसेवा से कम नहीं

इस अवसर पर पूर्व सैनिक अनिल नागपाल ने कहा कि जिस तरह से भारतीय सेना के जवान भारत मां की सेवा बार्डर पर रहकर करते है, ठीक उसी प्रकार से आदर्श रसोई और उनकी टीम भूखें लोगों का पेटभर कर रही है। उन्होनें यह भी कहा कि आदर्श रसोई की सबसे बढ़िया बात है कि आदर्श रसोई सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कार्यों को निरंतर रूप से करती आ रही है।

### आदर्श रसोई के संस्थापक को नमन

उन्होनें यह भी कहा कि आदर्श रसोई के माध्यम से हर सप्ताह जो यह रसोई निरंतर चलाई जा रही है। इसके लिए संस्थापक और मेरे छोटे भाई राकेश भारद्वाज जी को शत शत नमन करता हूँ। उनके आदर्शों की बदौलत ही रसोई के माध्यम से सैंकड़ो लोगों का पेट भर रहा है। आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में बेहद जरूरत है जोकि नि:स्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। मैं आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

### विशेष रहा आदर्श रसोई का मेन्यू

इस बार आदर्श रसोई का मेन्यू भी विशेष रहा। विजय दिवस मनाने के साथ ही आदर्श रसोई का मेनू भी विशेष रहा। इस बार कई स्वादिष्ट व्यंजन भी मेन्यू में जोड़े गये।







# मुख्य सड़क बनी अवैध पार्किंग जिम्मेदार कौन, निगम या पुलिस महकमा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र कहने को तो पॉश एरिया की लिस्ट में शुमार है और इसके नाम से भी लोग भ्रमित जरूर होते होंगे क्योंकि नाम में ही मॉडल आता है, लेकिन मॉडल जैसा कुछ नहीं है। क्योंकि मॉडल टाउन के लोग काफी लंबे समय से अवैध पार्किंग की समस्या से जूझ रहें है।

**घंटो तक लगा रहता है लंबा जामः** बतादें कि क्षेत्र स्थित आजादपुर चौक पर दिन रात अवैध पार्किंग की वजह से जाम लगा रहता है, और लोगों को आने-जाने में खासा दिकत्तें होती है। वहीं अगर बात करें मॉडल टाउन के पार्ट तीन की तो यहां कि मुख्य मार्किट में लोगों ने बीच सड़क पर बेतरतीब गाड़ियां खड़ी करके चले जाते है, जिससे जहां एक ओर तो लोगों को



आने जाने में खासा परेशानी होती है वहीं दूसरी ओर यातायात भी बाधित रहता है।

**आपातकालीन वाहन का भी निकलना मुश्किलः** मॉडल टाउन पार्ट-दो में रहने वालें व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद वधवा ने बताया कि लोगों ने मुख्य सड़क को ही





पार्किंग में तब्दील कर दिया है, जिससे पुरी सड़क संकरी हो गई है, और अगर कोई अनहोनी घटना घटी तो आपातकाल वाहन दमकल और एंबुलेंस जैसे वाहन को भी निकलने में घंटो का समय लगेगा।

**प्रशासन को देना चाहिए ध्यानः** मॉडल टाउन पार्ट तीन के रहने



वाले व प्रसिद्ध समाज सेवी सुरजीत सिंह ने बताया कि यहां पर अवैध पार्किंग की वजह से जाम लगना तो आम बात हो गई है, निगम और संबंधित शासन-प्रशासन को सड़क पर हो रही अवैध पार्किंग को लेकर कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे कि क्षेत्र की सड़क कब्जा मुक्त हो सके।

# कथा में बताई गई बातों को जीवन में उतारे: महाराज





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी के** आई ब्लॉक में द्वितीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोवर्धन के तत्वाधान में किया जा रहा है।
कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ 17 दिसम्बर से हुई है। यह कथा 24 दिसम्बर तक चलेगी। इस मौके पर कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानन्द राधेय् जी महाराज भक्तों को अपने मधुर स्वरों में कथा सुना रहे है। महाराज ने भक्तों को बताया कि मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। इसलिए सभी को ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए। महाराज ने आगे बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाता है, इसलिए सभी कथा को ध्यान से सुनें। उन्होंने आगे बताया कि जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है।





अयोध्या में निर्माणधीन प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में आगामी 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

# सावन पार्क : श्याम धनी सेवा ट्रस्ट ने निकाली निशान यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के सावन पार्क** इलाके से श्याम धनी सेवा ट्रस्ट के द्वारा निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सावन पार्क से शुरू हुई और खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता ने लोगों में प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर सुशील गुप्ता, राजेश शर्मा, महेन्द्र, अंकुर गुप्ता, हुकुमचंद यादव, खेमचंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि सभी को सच्चे मन से बाबा श्याम की पूजा अर्चना करनी चाहिए, जो भक्त बाबा श्याम की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है। बाबा श्याम उसकी अवश्य

# 'उप-राष्ट्रपति की मिमिक्री संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र का अपमान'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे और दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय ने भारत के उप-राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की संसद परिसर में मिमिक्री करने वाले सांसद कल्याण बनर्जी के आचरण को देश की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र का अपमा बताते हुए उनके इस कृत्य की निंदा की है। वत्स ने कहा कि बड़ी संख्या में मिमिक्री का आनंद उठाने वाले और वीडियो बनाने वाले हमारे सांसदों का यह व्यवहार देश की जनता को अच्छा नहीं लगा है।



वत्स ने कहा कि जगदीप धनखड़ अत्यंत विनम्र स्वभाव के धनी राज्यसभा के सभापति हैं जो सभी का सम्मान करते हैं। ऐसे व्यक्ति की मिमिक्री करना और उसको देखकर आनंदित होना दुर्भाग्यपूर्ण है।